


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 103 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

कांग्रेस का ''न्याय-पत्र''

# एमएसपी कानून, जातिगत जनगणना कर्जमाफी व रोजगार गारंटी का वादा


1. The Constitution (106th) Amendment Act marks the BJP's great betrayal of women. The Amendment Act contains sinister provisions that will allow the reservation of seats in the Lok Sabha and State Assemblies to come into operation only beyond 2029. Congress will delete the sinister provisions and bring the Amendment Act into force immediately. The one-third reservation for women will be applied to State Assemblies that will be elected in the next round of Assembly elections in 2025. The one-third reservation for women will also be applied to the Lok Sabha that will be elected in 2029.

2. We will reserve one-half (50 per cent) of central government jobs for women starting in 2025.

3. We will ensure that more women are appointed to high positions such as judges, secretaries to government, high ranking police officers, law officers and directors on the boards of listed companies.

4. All laws will be scrutinised for gender discrimination and gender bias. The offending provisions will be removed or amended in the first year of the Congress government.

5. We will ensure that the principle of 'Same Work, Same Wages' is enforced in order to prevent discrimination in wages for women.

6. The contribution of the Central government to the pay of frontline health workers (such as ASHA, Anganwadi, Mid-Day Meal cooks, etc.) will be doubled.

7. We will substantially increase the amount of institutional credit that is extended to women. In particular, we will vastly enhance the credit extended to Self Help Groups by banks, Non-Banking Financial Companies and Micro Finance Institutions.

8. The Labour Force Participation Rate of women is an abysmal 25 per cent. We will embark on a massive exercise to expand women's participation in the workforce through measures such as fair and equal wages; safe places of work; childcare services; preventing sexual harassment and violence; and extending maternity benefits.

9. We will re-incorporate the Bhartiya Mahila Bank (Women's Bank) that had made a promising start under an all-Women Board of Directors but was wound up by the patriarchal BJP/NDA government.

10. In matters of marriage, succession, inheritance, adoption, guardianship, etc., women and men should have equal rights. We will review all the laws and ensure equality between men and women.

11. We will ensure that laws intended to prevent offences against women such as the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 and the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 are strictly enforced.

12. The government will fund state governments to build sufficient night shelters for migrant women workers and adequate number of safe and hygienic public toilets for women will be provided in towns and cities. Free napkin vending machines will be installed in public spaces, schools and colleges.

13. In partnership with the State governments, the Central Government will double the number of working women hostels in the country, with at least one Savitribai Phule Hostel in each district.

14. We will appoint an Adhikar Maitri in every Panchayats to serve as a paralegal to educate women and assist them in the enforcement of their legal rights.




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। घोषणा-पत्र में कई चुनावी वायदे किए गए हैं। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय का जिक्र है। कांग्रेस का कहना है कि हम मिलकर इस अन्याय काल के अंधेरे को दूर करेंगे और भारत के लोगों के लिए एक समृद्ध, न्याय से भरे और सामंजस्यपूर्ण भविष्य का रास्ता बनाएंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीपी चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, मेनोफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी. चिंदबरम और कांग्रेस के महासचिव वेणु गोपाल ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का न्याय-पत्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में एमएसपी पर कानून, जातिगत जनगणना, कर्ज माफी, रोजगार गारंटी, 25 लाख का कैशलैस उपचार (शेष पृष्ठ-4 पर)

# प्रधानमंत्री का उप्र में पहला रोड शो कल गाजियाबाद में

## गाजियाबाद पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश का पहला रोड शो नोएडा से सटे जिले गाजियाबाद में करेंगे। प्रधानमंत्री के इस मेगा रोड शो की तैयारियों में जहां भारतीय जनता पार्टी का संगठन जुट गया है। वहीं गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने रोड शो के लिए ट्रैफिक एडवाजरी भी जारी की है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मेट्रो स्टेशनों की कमियों को देखकर भड़के एमडी

## सेक्टर-51 से एनएसईजेड स्टेशनों का किया निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉक्टर लोकेश एम ने सेक्टर-51 से लेकर एनएसईजेड स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें साफ-सफाई तथा रखरखाव को लेकर कई खामियां मिली। जिसे देखकर वह भड़क उठे। उन्होंने मातहत अफसर को शीघ्र ही इन खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। डॉ लोकेश एम ने इस दौरान एसकलेटर की सर्विस करके स्पीड व परिचालक बढ़ाने की निर्देश




दिए। स्टेशनों तथा तथा प्लेटफार्म की साफ सफाई को लेकर सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स (पीएसडी) पर वीडियो स्क्रीन बंद मिला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अकाउंट मैनेजर का 'खेला', पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए लाखों रुपये

**नोएडा (चेतना मंच)।** कंपनी के अकाउंट मैनेजर ने कंपनी के 66 लाख रुपए हड़प लिए। अकाउंट मैनेजर ने कंपनी से गबन किए गए पैसों को अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दिया। कंपनी के खातों का ऑडिट होने पर अकाउंट मैनेजर की जालसाजी का पता चला। इसके बाद थाना फेस 2 में अकाउंट मैनेजर व उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया। सेक्टर 88 स्थित मेसैनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक पुनीत ओबराय ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी में अरुण कुमार यादव अकाउंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है बीते 31 मार्च को कंपनी के कार्य प्रबंधक आशुतोष सिंह तथा अकाउंट बाबू कुशाग्र गुप्ता ने खातों का ऑडिट किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ठेकेदार की लापरवाही से मरा मजदूर

**नोएडा (चेतना मंच)।** निर्माणाधीन इमारत में छत की शटरिंग लगाते समय ऊंचाई से गिरकर हुई मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतक के भतीजे ने निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। थाना दादरी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनपद इटावा निवासी अलकेश कुमार ने बताया कि उसके चाचा मनोज उर्फ विपिन तिवारी ठेकेदार आलम खान के यहां शटरिंग लगाने का काम करते थे। बीते 31 मार्च को मनोज उर्फ विपिन तिवारी सेक्टर ईकोटेक दो में शटरिंग लगाने का काम कर रहे थे। काम करने के दौरान ठेकेदार द्वारा उन्हें सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए थे। चौथी मंजिल पर शटरिंग लगाने के दौरान वह संतुलन बिगड़ने की वजह से (शेष पृष्ठ-4 पर)

# विदेशी नागरिकों को 100 डॉलर में बेचते थे एंटीवायरस सॉफ्टवेयर



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की थाना फेस वन पुलिस ने ऐसे कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है जो विदेशी नागरिकों को एंटीवायरस सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर ठगता था। पुलिस ने कॉल सेंटर पर छापा मार कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सेल्समैन का हत्यारोपी मुठभेड़ में लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के न्यू हैबतपुर में बीते दिनों वाइन शॉप के सेल्समैन की हत्या करने के आरोप में वांछित चल रहे बदमाश को थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया इसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक व अवैध हथियार बना हुआ है। सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस (शेष पृष्ठ-4 पर)

# चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक व चाकू बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम बहलोलपुर अंडरपास के पास एफएनजी रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सब्जी मंडी की तरफ से बाइक पर आ रहे एक युवक को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर युवक ने जल्दबाजी में बाइक को वापस मोड़कर भगाने का प्रयास किया लेकिन बाइक से स्लिप हो गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम दीपक पुत्र प्रेमपाल निवासी जागृति विहार बताया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बरौला से बैरंग लौटा प्राधिकरण का दस्ता




**नोएडा (चेतना मंच)।** आज बरौला हनुमान मंदिर के पास तोड़फोड़ के लिए पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ दस्ते को किसानों के भारी विरोध के कारण बैरंग लौटना पड़ा। आज गांव बरौला में हनुमान मूर्ति के पास नोएडा प्राधिकरण का दस्ता किसान की आबादी को तोड़ने के लिए वर्क सर्किल 3 के परियोजना प्रबंधक राजकमल के नेतृत्व में 6-7 जेसीबी मशीन, डंपर और भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा । जानकारी मिलने पर मौके पर सैकड़ों किसान व ग्रामीण पहुच गए (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बच्चा लापता अपहरण का शक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के तुलसी विहार में रहने वाला एक (12 वर्षीय) बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बच्चे के पिता ने थाना दादरी में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

तुलसी विहार कॉलोनी में रहने वाले अरुण कुमार ने बताया कि उनका (12 वर्षीय) बेटा 2 अप्रैल को घर से बाहर गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। उन्होंने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अरुण कुमार के मुताबिक उसके बेटे का सीधा हाथ बेकार है तथा वह थोड़ा मंदबुद्धि भी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोर की तलाश की जा रही है।

# दबंग ससुरालियों से खौफजदा दामाद, मांगी 2 करोड़ की रंगदारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में दबंग ससुरालियों से खौफजदा दामाद ने अपने वह अपने परिवार की हत्या की आशंका जताई है। दामाद का आरोप है कि आपराधिक प्रवृत्ति के उसके ससुरालियों ने उससे 2 करोड़ रूपये की रंगदारी मांगी है रकम न देने पर उसकी तथा उसके परिवार की हत्या की धमकी दी गई है। पीड़ित ने ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर बीटा-1 में रहने वाले आदित्य चौधरी ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी वनी चौधरी के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसकी पत्नी विन्नी चौधरी का उसके तथा परिवार वालों के प्रति व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं था। विन्नी चौधरी द्वारा आए दिन घर में झगड़ा करने के साथ-साथ परिवार सहित मरवा देने तथा झूठे केस में जेल भिजवा देने की की धमकी देती थी। विन्नी तथा उसके परिजनों के व्यवहार से परेशान होकर कई बार उसने थाना बीटा-2 में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने परिवार न्यायालय जनपद गौतमबुद्धनगर में तलाक के लिए याचिका दायर कर दी।

आदित्य चौधरी के मुताबिक उसकी पत्नी तथा ससुराल वाले बहुत ही दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। नवंबर 2023 में उसके ससुर महावीर चौधरी, लक्ष्य चौधरी, (शेष पृष्ठ-4 पर)

# बकायेदार बिल्डर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी!

## सीईओ ने बैठक कर दिये निर्देश, पहले बकाया जमा करो, फिर छूट पाओ

**नोएडा (चेतना मंच)।** अमिताभ कांत की सिफारिशों को लागू करने के बाद भी छूट देने पर भी अधिकांश बिल्डर बकाये की राशि जमा नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण हजारों फ्लैट बॉयर्स की रजिस्ट्री अटकी पड़ी है। इसको लेकर 4 अप्रैल को भी नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने बिल्डर्स के साथ बैठक कर शीघ्र बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिये थे।




बता दें कि प्राधिकरण द्वारा छूट देने एवं 60 दिनों में 25 फीसदी बकाया राशि जमा करने के बाद कुछ बिल्डर्स करीब 100 करोड़ रूपये जमा करा पाए। जिससे 100 लोगों की रजिस्ट्री हुई। अभी भी हजारों फ्लैट बॉयर्स की रजिस्ट्री अटकी पड़ी है। प्राधिकरण के मुताबिक अभी 30 बड़े बिल्डर्स पर प्राधिकरण का करीब 8000 करोड़ रूपये की रकम बकाया है। प्राधिकरण ऐसे बिल्डर्स पर नकेल कसने की तैयारी कर रहा है।

कल की बैठक में नौएडा प्राधिकरण की ओर से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, (शेष पृष्ठ-4 पर)

# एटीएम बदलकर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** एटीएम बूथ में मदद के बहाने भोले भाले लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह के एक सदस्य को थाना दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से विभिन्न बैंकों के 16 एटीएम कार्ड, कार्ड स्वैप मशीन, स्कूटी बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी व उसके साथियों ने नोएडा, गाजियाबाद तथा एनसीआर में इस तरह की दर्जनों घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस इसके दो अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एटीएम बदलकर लोगों के साथ ठगी की घटना करने वाले गिरोह का एक सदस्य रेलवे रोड पर स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम के किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेलवे रोड पर छापा मार कर आरोपी को स्कूटी सहित दबोच लिया। तलाशी लेने पर इसके पास से विभिन्न बैंकों के 16 एटीएम कार्ड , स्कूटी व एटीएम कार्ड स्वैप सकरने वाली मशीन बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम खुशनसीब पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम चिरचिटा थाना सलेमपुर जनपद बुलंदशहर बताया। खुशनसीब ने बताया कि वह अपने गांव के आफताब पुत्र साबिर तथा वसीम पुत्र फईमुद्दीन के साथ मिलकर एटीएम में आए लोगों को बहला फुसलाकर कर पहले उनका एटीएम पिन देख लेते थे। इसके बाद मदद के बहाने वह पैसे निकालने आए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल देते थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)



## नक्सली चुनौती

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

# वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

18वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं।

विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ



एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है।

आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बढ़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विप्क्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है वह जानता है कि चुनावी चंदा देने वाले पैसे वाले प्रभावशील लोग हैं। आमआदमी तो इतना चंदा देने से रहा। यह भी जानते हैं कि चुनावों के लिए चंदा लिया ही जाता है। दूसरी और मजे की बात यह है कि चंदा पैसों वालों से लेने के बावजूद आममतदाताओं को साधनें में सत्तारुढ़ दल सफल रहा है। साफ है कि चंदा देने वालों के वोट गिनती के ही होते हैं।

साफ है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव प्रचार अभियान में संवैधानिक संस्थाओं के उपयोग, चुनाव बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि मुद्दें अधिक चलने वाले नहीं हैं। राम मंदिर, धारा 370 या इसी तरह के अन्य मुद्दों को विपक्ष उठाता भी है तो इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिलेगा। ऐसे में विपक्ष को चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कोई ठोस मुद्दें खोजने होंगे। हवा हवाई या चलताउ भाषणों, आरोप प्रत्यारोप से पार पाना मुश्किल रहेगा। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि इस बार के चुनाव दस नेताओं के इर्द गिर्द रहेंगे इनमें नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, खड़गे, शरद पंवार, ममता बनर्जी, नीतिश कुमार, तेजस्वी यादव, स्टालीन, असदुद्दिन ओवैसी आदि दशा और दिशा तय कर पायेंगे। पर मेरा मानना है कि 18 वीं लोकसभा के चुनाव नरेन्द्र मोदी के इर्द गिर्द ही रहने वाला है। विपक्ष का निशाना नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे और इसका उजला या स्याह पक्ष यह है कि विपक्ष जितना अधिक नरेन्द्र मोदी के नाम का उच्चारण करेगा उसका उतना ही अधिक लाभ नरेन्द्र मोदी और भाजपा को मिलेगा। पिछले दो लोकसभा के चुनाव परिणाम तो यही बताते हैं। ऐसे में विपक्ष को अलग ही तरह की रणनीति बनानी होगी।

विपक्ष को सकारात्मक रणनीति बनानी होगी अन्यथा नकारात्मकता को तो नरेन्द्र मोदी को अपने पक्ष में करने की महारत हैं। लोक सभा के पिछले दो चुनाव और गत दस सालों के विधानसभाओं के चुनावों के परिणाम सबके सामने हैं ऐसे में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को घेरने की है और इसके लिए उसे पूर्व अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रणनीति बनानी होगी।

रैलियों, सभाओं में प्रमुख नेताओं को भाषणों-वक्तव्यों के दौरान सावधानी बरतनी होगी तभी मोदी जी से पार पाया जा सकता है। यह साफ साफ समझ लेना होगा। इसमें कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है कि मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष के सामने प्रमुख चुनौती चुनाव अभियान के दौरान अपनों के बीच समन्वय व समझ बनाये रखनी है तो जनमानस को प्रभावित करने की रहेगी तो मोल तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मुनि बार-बार क्रोध सहित ज्ञान का निरूपण करने लगे। तब मैं बैठा-बैठा अपने मन में अनेकों प्रकार के अनुमान करने लगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**क्रोध कि द्वैतबुद्धि बिनु द्वैत कि बिनु अग्यान।**
**मायाबस परिछिन्न जड़ जीव कि ईस समान॥**
बिना द्वैतबुद्धि के क्रोध कैसा और बिना अज्ञान के क्या द्वैतबुद्धि हो सकती है? माया के वश रहने वाला परिच्छिन्न जड़ जीव क्या ईश्वर के समान हो सकता है?
**कबहुँ कि दुःख सब कर हित ताकें। तेहि कि दरिद्र परस मनि जाकें॥**
**परद्रोही की होहिं निसंका। कामी पुनि कि रहहिं अकलंका॥**
सबका हित चाहने से क्या कभी दुःख हो सकता है? जिसके पास पारसमणि है, उसके पास क्या दरिद्रता रह सकती है? दूसरे से द्रोह करने वाले क्या निर्भय हो सकते हैं और कामी क्या कलंकरहित (बेदाग) रह सकते हैं?॥
**बंस कि रह द्विज अनहित कीन्हें। कर्म की होहिं स्वरूपहि चीन्हें॥**
**काहू सुमति कि खल सँग जामी। सुभ गति पाव कि परत्रिय गामी॥**
ब्राह्मण का बुरा करने से क्या वंश रह सकता है? स्वरूप की पहिचान (आत्मज्ञान) होने पर क्या (आसक्तिपूर्वक) कर्म हो सकते हैं? दुष्टों के संग से क्या किसी के सुबुद्धि उत्पन्न हुई है? परस्त्रीगामी क्या उत्तम गति पा सकता है?
**भव कि परहिं परमात्मा बिंदक। सुखी कि होहिं कबहुँ हरिनिंदक॥**
**राजु कि रहइ नीति बिनु जानें। अघ कि रहहिं हरिचरित बखानें॥**
परमात्मा को जानने वाले कहीं जन्म-मरण (के चक्कर) में पड़ सकते हैं? भगवान की निंदा करने वाले कभी सुखी हो सकते हैं? नीति बिना जाने क्या राज्य रह सकता है? श्री हरि के चरित्र वर्णन करने पर क्या पाप रह सकते हैं?॥
**पावन जस कि पुन्य बिनु होई। बिनु अघ अजस कि पावइ कोई॥**
**लाभु कि किछु हरि भगति समाना। जेहि गावहिं श्रुति संत पुराना**
बिना पुण्य के क्या पवित्र यश (प्राप्त) हो सकता है? बिना पाप के भी क्या कोई अपयश पा सकता है? जिसकी महिमा वेद, संत और पुराण गाते हैं और उस हरि भक्ति के समान क्या कोई दूसरा लाभ भी है?॥ (क्रमशः....)

# नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दापाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गई? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है।

यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवा? करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली



यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है।

मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फार्मूला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न् हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फार्मूले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है।

पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई?

**- ललित गर्ग**

## राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : एकादशी

(विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
संतान पक्ष से दूरी और उसका कारण बहुत अच्छा नहीं है। सरकारी तंत्र में दूरी, पिता के स्वास्थ्य में परेशानी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सितारों की तरह चमकेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कोर्ट-कचहरी से न उलझें। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भाग्य पर भरोसा किए बिना आगे बढ़िएगा। भाग्य में रोड़े अटकेंगे। बाकी आय में आशातीत बढ़ोत्तरी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए। प्रेम-संतान लगभग ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वंय के स्वास्थ्य और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम-संतान की स्थिति ठीक-ठाक और व्यापार भी ठीक है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भावुक होकर निर्णय मत लीजिएगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोककर रखें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं, बच्चों की स्थिति थोड़ी मध्यम बनी रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर भाग्य साथ देगा। प्रेम-संतान और व्यापार बहुत अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य अच्छा नहीं चल रहा है। प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर, व्यापार भी ठीक है, लेकिन पूरी तरीके से स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिएगा।

# इफको फूलपुर इकाई ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर बनाया नया कीर्तिमान

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** प्रयागराज में इफको प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि और किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने के लिए इफको लगातार काम कर रहा है।

इफको फूलपुर इकाई में गत वित्तवर्ष 2023-24 में नए कीर्तिमान स्थापित हुए। यूरिया-ङ्क संयंत्र में अब तक की सबसे कम वार्षिक ऊर्जा का खपत 5.818 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक टन के अपने पिछले न्यूनतम रिकार्ड वर्ष 2020-21 में 5.820 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक टन से भी कम रहा। यूरिया-II संयंत्र में अब तक की सबसे कम वार्षिक ऊर्जा का खपत 5.132 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक टन अपने पिछले न्यूनतम रिकार्ड वर्ष 2022-23 में 5.134 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक ऊर्जा का खपत टन से भी कम रहा है। वहीं पूरे इफको फूलपुर संयंत्र की बात की जाए तो इस बार 5.386 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक टन का अपने पिछले न्यूनतम रिकार्ड 2022-23 में 5.398 गीगा कैलरी प्रति मीट्रिक टन से भी कम रहा है। यह एक तरफ यह राष्ट्रीय ऊर्जा का



संरक्षण है जो पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही लगभग 32 करोड़ रुपये देश के राजस्व की बचत हुई है।

यूरिया प्लांट का उत्पादन अपने निर्धारित लक्ष्य 18.35 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 19 लाख मीट्रिक टन रहा है। जो कि अपने क्षमता का लगभग 110 प्रतिशत है। बता दें कि गत वित्तवर्ष में इफको फूलपुर इकाई को विभिन्न क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में, सुरक्षा के क्षेत्र में, पर्यावरण के क्षेत्र में तथा व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त किए है।

इस वर्ष न्यूनतम ऊर्जा खपत के साथ रिकार्ड उत्पादन पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया को इस सफलता पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय और महामंत्री विनय यादव ने बधाई दी है। इफको फूलपुर इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने नए वित्त वर्ष 2024-25 की शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया है।



भारतीय किसान यूनियन (बलराज) संगठन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 50वें दिन भी धरना जारी है।

# विपक्ष की हालत बिगड़ी : दयालु

भदोही। प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा विपक्षी इस समय उनकी हालत एकदम बिगड़ चुकी है। लोकसभा चुनाव में एकदम धरातल पर आ चुके हैं। जनता का निर्णायक चुनाव बिल्कुल सफल होगा। जनता डिसीजन ले चुकी है औराई विधानसभा में पांचों मंडल की एक साथ लोकसभा 78 के नियमित महत्वपूर्ण बैठक में दयालु मिश्रा ने यह बात कही।

इस अवसर पर प्रदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष अर्चना पटेल जिला मंत्री रत्नाकर पाठक राजेश सरोज मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी मंडल अध्यक्ष वेद मौर्य मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह राहुल बिन्द आलोक मिश्रा मनीष शिवम आकाश मृत्युंजय दीपक आदि लोग उपस्थित रहे।



# भाजपा में टिकट को लेकर गहमागहमी तेज

## ब्राह्मणों की उपेक्षा भाजपा को पड़ सकती है भारी

भदोही। लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है सभी राजनीतिक पार्टियों चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिए हैं। वही अभी भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 12 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है। भदोही लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी में टिकट पाने को लेकर गहमागहमी मची हुई है। जहां एक दर्जन से अधिक ब्राह्मण प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ओबीसी समाज पर दांव लगाने का पर विचार कर रहा है। यदि भाजपा नेतृत्व ओबीसी समाज को भदोही लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनता है तो ब्राह्मण समाज का एक बड़ा तब का इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के पक्ष में खड़ा हो सकता है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है क्योंकि जिस तरह से भदोही लोकसभा सीट पर ब्राह्मण समाज के मतदाताओं में चर्चा है कि हमेशा समाज की उपेक्षा होती रही है, लेकिन अबकी बार समाज के पास ललितेश त्रिपाठी विकल्प के रूप में खड़े हो गए हैं। यदि समय रहते भाजपा नेतृत्व ब्राह्मण समाज की अनदेखी किया तो इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

सूत्र बताते हैं कि जिन ब्राह्मण प्रत्याशियों ने भाजपा की टिकट की दावेदारी की है उसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य गोरखनाथ पांडे पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा समाजसेवी बंशीधर उपाध्याय राजबली मिश्रा छात्र नेता रहे अजय शुक्ला पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी आनंद शुक्ला सहित अन्य नाम शामिल है।

वहीं इस लोकसभा सीट पर यदि नजर डाली जाए तो सबसे अधिक ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या बताई जाती है दूसरे नंबर पर बिंद समाज के लोग आते हैं। इसके पूर्व में बिंद समाज का ही प्रतिनिधित्व लोकसभा सीट पर रहा है, लेकिन जिस तरह से भाजपा नेतृत्व ओबीसी समाज पर एक बार फिर दांव लगाने पर मंथन कर रहा है। यदि ऐसा हुआ तो ब्राह्मण समाज के मतदाता भाजपा से बगावत कर सकते हैं। अब देखना यह है कि एक-दो दिन में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व टिकट की घोषणा कर सकता है। ऐसी स्थिति में ब्राह्मण मतदाताओं की नजर प्रत्याशी पर टिकी हुई है। वही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेश पत्र त्रिपाठी 1 माह से भदोही लोकसभा क्षेत्र में पढ़ने वाली विधानसभा में धुआंधार प्रचार करना प्रारंभ कर दिये हैं फिलहाल राजनीतिक ऊंट किस करवट बैठेगा यह आने वाला समय बताएगा।

**- सेक्टर-107 शरणम् सोसायटी के चुनाव -**

# नौ प्रत्याशियों को मात देकर अध्यक्ष बने गौरव अग्रवाल

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-107 शरणम् सोसाइटी के चुनाव में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने यहाँ के नौ प्रत्याशियों को मात दे दी।



सेक्टर-107 ग्रेट वैल्यू शरणम् सोसाइटी में हुए चुनाव में गौरव अग्रवाल ने विरोधी पक्ष में नौ लोगों को मात देकर चुनाव जीत लिया। लोगों ने गौरव को 381 वोट देकर विजेता बनाया। चुनाव में पूर्व अध्यक्ष श्री आहूजा छठे स्थन पर रहे।

विजेता बनने के बाद गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष हम सोसायटी में मेडिकल सुविधाएं कल्चरल एक्टिविटीज के साथ साथ सामाजिक तौर पर भी सोसाइटी को मज़बूत बनाएंगे। प्रतिमाह मेडिकल कैंप लगाकर नि शुल्क लोगों की सेवा की जाएगी। वो सोसायटी में बिलकुल ही कम क़ीमत पर फिजियोथैरेपी की सेवा दी जाएगी। पार्कों को सुंदर बनाने के लिए रंग बिरंगे फूलों से सोसाइटी के पार्कों को सजाया जाएगा।

चुनाव के बाद से ही गौरव अग्रवाल को बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने गौरव अग्रवाल को उनके घर जाकर बधाई दी और आगे अच्छे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# नादिर शाह बने प्रभारी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह को लोकसभा चुनाव में पांच गांव का प्रभारी बनाया गया है। यह जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने दी है।

जिला अध्यक्ष ने कुंवर नादिर शाह को जलपुरा, हल्द्वानी, कुलेसरा, सुथियाना, मलकपुर लखनावली, सूरजपुर, अलवर्दीपुर, बेगमपुर, मलकपुर की जिम्मेदारी सौंप गई है।

**Change of Name**

I, Udhal Singh Kaushal Singh W/o Udhal Singh R/o Villa No. A-115, Paramount Golfforeste, Site C, Surajpur, Greater Noida, Gautam Buddha Nagar ( U.P.) have changed my name to Kaushal Singh for all future purposes.

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






# आतिशी सिंह को आयोग का नोटिस




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीजेपी जॉइन ना करने पर धमकी मिलने के आरोपों पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और आतिशी को एक नोटिस भेजा है. आतिशी को इस नोटिस का सोमवार दोपहर 12 बजे तक जवाब देना होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि नोटिस के प्रत्येक पैरा का लिखित में जवाब दिया जाए।

इससे पहले बीजेपी ने भी आतिशी को नोटिस भेजा था और पूछा था कि किसकी तरफ से पार्टी में आने का ऑफर मिला है, उसका खुलासा किया जाना चाहिए. बीजेपी ने कहा था कि यदि सच सामने नहीं लाया जाता तो कानूनी प्रक्रिया को अपनाया जाएगा।

# बिल्डर ने बुक दुकान किसी और ग्राहक को बेची

**नोएडा (चेतना मंच)।** बिल्डर प्रोजेक्ट में दुकान बुक करने वाले एक व्यक्ति के होश उस समय उड़ गए। जब उसे पता चला कि उसके द्वारा बुक कराई गई दुकान किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई है। 19 लाख रुपए से अधिक की धनराशि गंवाने के बाद पीड़ित ने नौ लोगों के खिलाफ थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है।

जनकपुरी नई दिल्ली निवासी दीपक नवानी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मैसर्स बायावेवर लिमिटेड व मैसर्स अलीशा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सेक्टर-129 में ओ माय गॉड के नाम से कमर्शियल प्रोजेक्ट शुरू किया था। उसने इस प्रोजेक्ट में 125 वर्ग फीट एरिया बुक किया था। बिल्डर ने उसे आश्वासन दिया था कि वर्ष 2022 तक निर्माण कार्य पूरा कर यूनिट का पोजीशन उसे दे दिया जाएगा। बिल्डरों की बातों में आकर उसने विभिन्न तरीकों से 1924797 रुपए जमा कर दिए। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उक्त प्रोजेक्ट को साया सिमिटेशन लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर विकास भसीन शिवराज सिंह नेगी व रोहित बंसल को बेच दिया गया है। नवंबर 2023 में वह साया सिमिटेशन कंपनी के सेक्टर-129 स्थित ऑफिस पहुंचा। यहां उसे पता चला कि मैसर्स बायावेवर लिमिटेड व मैसर्स अलीशा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधकों ने उक्त प्रोजेक्ट में लोगों से पैसे लगवाकर सभी के पैसे गबन कर उक्त कंपनी को बंद कर दिया है। मैसेज साया सिमिटेशन लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट को दोबारा से बनाया जा रहा है। उसने जब अपनी दुकान के बारे में जानकारी ली तो साया सिमीटेशन के डायरेक्टर्स ने कहा कि उसे दुकान नहीं मिलेगी। विरोध करने पर बिल्डर उसके कर्मचारी मारने पीटने पर आमादा हो गए। दीपक नवानी ने शिवराज सिंह नेगी, रोहित बंसल, राम प्रकाश मावी ,अमित मावी, अरुण कुमार, कामेश भड़ाना सहित 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

## शादी का झांसा देकर हड़पे लाखों के जेवर

**नोएडा (चेतना मंच)।** शादी का झांसा देकर एक जालसाज युवती से लाखों रुपए के गहने हड़प लिए। गहने वापस करने के बजाय आरोपी युवक युवती से और पैसे मांग रहा है। युवती ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

कोलकाता निवासी सोबिता (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि कुछ दिनों पहले उसके मोबाइल फोन पर आदित्य कपूर नाम के युवक से बातचीत हुई थी। आदित्य कपूर ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। आदित्य कपूर ने उसे ट्रेन का टिकट करा दिया जिसके बाद वह नोएडा आ गई। आदित्य कपूर ने उसे सेक्टर 19 के एक ओयो होटल में ठहराया और उससे करीब 5 लाख रुपए मूल्य के गहने व अन्य सामान ले लिया। गहने लेने के बावजूद आदित्य कपूर ने उसके साथ शादी नहीं की और वह और पैसे मांग रहा है पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से लाखों का माल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी के तीन घटनाओं को अंजाम देकर लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दियाी। चोर एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से लाखों रुपए मूल्य के मोबाइल फोन, एलईडी, मकान से नगदी जेवरात तथा डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से सामान को चोरी कर ले गए।

ग्रेटर नोएडा में रहने वाले दिलीप कुमार ने थाना फेस-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि उसका गढ़ी चौखंडी गांव में एब्सलूट इंटरप्राइजेज के नाम से शोरूम है। 1 अप्रैल की रात्रि को चोरों ने शोरूम के शटर का ताला तोड़कर करीब चार लाख रूपए मूल्य के 80 मोबाइल फोन व 8 एलईडी चोरी कर लिए।

थाना फेस वन में हरौला निवासी रूपेश सिंह ने अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुपेश सिंह ने बताया कि वह अपने रूम पार्टनर संतोष व लाजपत सिंह आजाद के साथ हरौला गांव में रह रहा है। बीते दिनों वह तथा उसके रूम पार्टनर ड्यूटी पर गए थे शाम के समय जब वह वापस लौटे तो उन्हें कमरे का ताला टूटा हुआ तथा सामान चोरी मिला चोर उनके घर से नगदी कपड़े सामान को चोरी कर ले गए।वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के नजदीक निर्माण अधीन ओवर ब्रिज में काम आने वाली सामग्री चोरी हो गई। लामर सिक्योरिटी सर्विस के सुपरवाइजर बिहारी दास ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हैं। 27 मार्च को ओवरब्रिज के निर्माण करने वाले ठेकेदार ने बताया कि पायलिंग राफ्ट में लगाए जाने वाला सामान चोरी हो गया है। चोर साइड से स्टील व्हीलर शीट प्रो शीट पोप चेयर स्टील कॉपर की पत्ती आदि को चोरी कर ले गए हैं पुलिस ने सभी मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पृष्ठ एक के शेष....

**एमएसपी कानून, जातिगत ....**

सहित 25 गारंटियों पर बड़ा दांव खेला है।

**कांग्रेस के घोषणा पत्र में वायदे**

जातियों और उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित की जाएगी. आंकड़ों के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत किया जाएगा.

एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएगी।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत का आरक्षण बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों और समुदायों के लिए लागू किया जाएगा।

एक साल के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षित पदों की सभी बैकलॉग रिक्तियों पर भर्ती.

कांग्रेस सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में नियमित नौकरियों की संविदा व्यवस्था को खत्म कर देगी.

घर-निर्माण, व्यवसाय शुरू करने और संपत्ति खरीदने के लिए एससी और एसटी को संस्थागत ऋण बढ़ाया जाएगा.

भूमि सीमा अधिनियम के तहत गरीबों को सरकारी भूमि और अधिशेष भूमि के वितरण की निगरानी के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी.

एससी और एसटी समुदायों से संबंधित ठेकेदारों को ज्यादा सार्वजनिक कार्य कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए पब्लिक खरीद पॉलिसी का दायरा बढ़ाया जाएगा.

ओबीसी, एससी और एसटी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की धनराशि दोगुनी की जाएगी, खासकर हाइयर एजुकेशन के लिए. एससी और एसटी छात्रों को विदेश में पढ़ने में सहायता और उनके लिए पीएचडी करने के लिए स्कॉलरशिप की संख्या दोगुनी की जाएगी.

गरीबों, एससी और एसटी छात्रों के लिए आवासीय विद्यालयों का एक नेटवर्क बनाया जाएगा और इसे हर ब्लॉक तक बढ़ाया जाएगा.

कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में दावा किया गया है कि पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक नागरिक की तरह, अल्पसंख्यकों को भी कपड़ा, भोजन, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की पसंद की स्वतंत्रता हो. हम व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को प्रोत्साहित करेंगे. कांग्रेस का कहना है कि ऐसा सुधार संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किया जाना चाहिए.

कांग्रेस का कहना है कि स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपये तक कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा.

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत सीनियर नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान 200 रुपये से 500 रुपये प्रति माह है. कांग्रेस का कहना है कि कांग्रेस इस राशि को बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रति माह किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री का उप्र में पहला ....**

गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने प्रधानमंत्री के मेगा रोड शो को लेकर एडवाजरी जारी की है। यह रोड शो अंबेडकर रोड पर मालीवाड़ा से चौधरी मोड़ तक निकाला जाएगा। इस रोड शो के चलते भारी एवं व्यवसायिक वाहनों को दोपहर 1.00 बजे से रोड शो खत्म होने तक लालकुआं-साजनमोड से चौधरी मोड, वसुंधरा पुल से मोहन नगर, आत्माराम स्टीम तिराहे से डायमंड तिराहा, तुलसी निकेतन से करनगेट गोल चक्कर, एएलटी चौराहे से मेरठ तिराहा, सीमापुरी से मोहन नगर तथा जलनिगम टी प्वाइंट से मेरठ तिराहा तक पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

वहीं दोपहर 2.00 बजे से रोडवेज व निजी तथा सिटी बसें आनंद विहार से मोहन नगर, सीमापुरी से मोहन नगर, लोनी तुलसी निकेतन से करन गेट गोल चक्कर, एएलटी से मेरठ तिराहा, डासना पुल से हापुड़ चुंगी तथा लालकुआं से चौधरी मोड तक नहीं जा पाएंगी। 3.00 बजे से रोड शो के चलते ऑटो व ई-रिक्शा का आवागमन भी लालकुआं से मोहन नगर के बीच, घूकना मोड से पुराना बस अडडा, चौधरी मोड, हापुड चुंगी से पुराना बस अडडा, एएलटी से मेरठ तिराहा, सिद्धार्थ विहार चौराहे से मेरठ तिराहा, बंसत चौक से मालीवाडा, रमतेराम रोड से मालीवाडा, गऊशाला फाटक से दूधेश्वरनाथ मंदिर, विजयनगर धोबी रेलवे पुल से चौधरी मोड, नंदग्राम तिराहा से मेरठ तिराहा तथा रोटरी गोल चक्कर से हिंडन रिबर मेट्रो स्टेशन तक पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अलावा निजी दोपहिया व चार पहिया वाहनों की एंट्री भी कल 3.00 बजे से विभिन्न मार्गों पर बंद रहेगी। रोड शो खत्म होने के बाद ट्रैफिक को सामान्य आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी में पहला रोड शो गाजियाबाद में (कल) 6 अप्रैल को करेंगे। इस रोड शो की तैयारियों के लिए बृहस्पतिवार को पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया और प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। भाजपा की टोलियां गाजियाबाद की सभी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को रोड शो के लिए आमंत्रित कर रही हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के उत्तर प्रदेश में पहले रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निष्ठा और जोश से निर्वहन करें। लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी को निभाने में नंबर-वन रहने की पहचान लखनऊ तक है। इसी वजह से यह कार्यक्रम शीर्ष नेतृत्व ने गाजियाबाद में दिया है। पूर्व महापौर अशु वर्मा ने पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष के समक्ष तैयारी का पूरा खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होना चाहता है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ क्षेत्र में घर-घर टोली के माध्यम से लोगों को रोड शो में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

**मेट्रो स्टेशनों की...**

उन्होंने इसे चालू करने व पीएसडी पर नए एक्का कलर का स्टीकर लगाने की निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान डॉ. लोकेश एम ने ट्रेन की विंडस्क्रीन पर गंदगी देखकर रोष जताया तथा साफ सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक लोकेश एम ने पाया कि जिन स्टेशनों को-ब्रांडिंग स्कीम के तहत तथा नामकरण परिवर्तन के तहत कुछ वेंडर्स को सौंपे गए थे उनका रखरखाव तथा अनुरक्षण अनुबंध के तहत सही नहीं किया जा रहा था। उन्होंने ऐसे वेंडर्स को नोटिस जारी करने की निर्देश दिए। इस दौरान प्रबंधन निदेशक ने यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट वेंडिंग मशीन की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

**बकायेदार बिल्डर्स पर शिकंजा...**

वित्त नियन्त्रक, विशेष कार्याधिकारी-वाणिज्यिक एवं महाप्रबंधक-नियोजन तथा आवंटियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में आवंटियों को देयताओं के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया एवं आवंटियों को देयताओं को जमा कराने के लिए कहा गया।

**एटीएम बदलकर ठगी का ...**

एटीएम बदलने के बाद वह उससे कैश निकाल लेते थे और बचे हुए एटीएम की लिमिट से अलग-अलग जगह से शॉपिंग कर लेते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए खुशनसीब व उसके साथियों ने नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, एनसीआर में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की दर्जनों वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस इसके फरार साथियों की तलाश कर रही है।

**चोरी की बाइक....**

आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। उसने यह बाइक 3 माह पहले दिल्ली के मयूर विहार कुंडली फेस 3 से चोरी की थी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**ठेकेदार की लापरवाही से ....**

नीचे जमीन पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर स्थिति में उन्हें शारदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद एक अप्रैल को उन्हें दिल्ली के लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। 4 अप्रैल को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अलकेश कुमार ने ठेकेदार आलम खान पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

**दबंग ससुरालियों से ....**

सहित शहीद कई लोग उसके घर पहुंचे। इन लोगों ने घर में उसके साथ मारपीट की और उसे काफी देर तक बंधक बनाए रखा। मारपीट के बाद घर में रखे 10 लाख रुपये, सोने की चेन, अंगूठी आदि लूटकर उसके ससुराल वाले फरार हो गए। जाते-जाते ससुराल वालों ने धमकी दी कि अगर उन्हें 2 करोड रुपए नहीं दिए तो उसे परिवार सहित मरवा दिया जाएगा। उसने एक बार फिर थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आदित्य चौधरी के मुताबिक उसके ससुराल पक्ष के लोग दबंग हैं और उनके परिवार में पेशेवर अपराधी हैं जिनके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई मुकदमे दर्ज हैं।

रिपोर्ट में आदित्य चौधरी ने आशंका जताई है कि ससुराल वाले उसके खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचकर उसकी हत्या करा सकते हैं।

आदित्य चौधरी ने बताया कि ससुराल वालों के आतंक से वह तथा उसका परिवार खासा परेशान है। बीते 7 फरवरी को एक स्कॉर्पियो कार सवार लोगों ने उसे जबरन रोककर व्हाट्सएप कॉल पर किसी अनजान व्यक्ति से बात कराई। उक्त व्यक्ति ने कहा कि अगर उसे जिंदा रहना है तो दो करोड रुपए का इंतजाम कर ले। अगर उन्हें दो करोड रुपए नहीं दिया तो उसे तथा उसके परिवार को मरवा दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

**बरौला से बैरंग....**

तथा उन्होंने इस कार्यवाही का विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों तथा प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई। अंततः दस्ता को कार्यवाही किए बिना बैरंग लौटना पड़ा।

इस अवसर पर गौतम लोहिया, अशोक चौहान, आशीष चौहान, गजेंद्र बसोया, रिंकू यादव, विमल त्यागी ,फिरे चौहान, तरुण भाटी, सोनू चपराना अमित बसोया, डीपी चौहान, जय भगवान चौहान आदि सैकड़ो किसान मौके पर मौजूद रहे।

**अकाउंट मैनेजर का 'खेला'....**

इस दौरान पता चला कि कंपनी के 6610000 रूपये गायब हैं। जांच के दौरान पता चला कि अकाउंट्स मैनेजर अरुण कुमार यादव ने कंपनी के यह पैसे अपनी पत्नी प्रेमलता के खाते में ट्रांसफर किए हैं। फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए अरुण कुमार ने अकाउंट्स की फाइलों में भी कूटरचना की और जाली दस्तावेज लगाए। पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**सेल्समैन का हत्यारोपी ....**

टीम के साथ एटीएस गोल चक्कर पर चेकिंग कर रहे थे। पुलिस ने एक बाइक सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार जलपुरा पुश्ता की तरफ भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मनीष पुत्र होते सिंह निवासी ग्राम अशरफपुर थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर बताया। मनीष ने बताया कि वह और उसके साथी फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी का काम करते हैं बीते 31 मार्च को वह फाइनेंस की गाड़ियों की रिकवरी के लिए घूम रहे थे देर रात्रि वह न्यू हैबतपुर के शराब के ठेके पर गए लेकिन सेल्समैन ने ठेका बंद होने की बात कह कर शराब देने से मना कर दिया। इस बात पर उनकी सेल्समैन से कहासुनी हो गई और उन्होंने उसे गोली मार दी गोली लगने से सेल्समैन घायल होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। एडीसीपी ने बताया कि सेल्समैन की हत्या की वारदात में शामिल एक बदमाश अतुल को पुलिस ने पूर्व में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**विदेशी नागरिकों को...**

इनके पास से 14 डेस्कटॉप सीपीयू हेडफोन राउटर सर्वर बरामद हुए हैं।

एडीसीपी ने बताया कि थाना फेस वन पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-2 के सी ब्लॉक में कॉल सेंटर के जरिए विदेशी नागरिकों से ठगी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि कॉल सेंटर में विदेशी नागरिकों को साथ ठगी की घटनाए की जा रही हैं। पुलिस ने यहां से प्रदीप कुमार, अविरल गौतम, ऋषभ शुक्ला, अली हसन, अनुराग तोमर, हरेंद्र चौधरी, मोहम्मद राजू, संदीप कुमार, दीपक शर्मा, सौरभ साकेत, प्रियदर्शी व शिवम को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 14 डेस्कटॉप, 14 कीबोर्ड, 14 माउस, 14 सीपीयू, हेडफोन, वाई-फाई राउटर व 2 सर्वर बरामद हुए हैं।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी विदेशी नागरिकों को कॉल कर बताते हैं कि उनकी कंपनी के पास एमकैफी नॉर्टन नामक एंटीवायरस सॉफ्टवेयर है। यह सॉफ्टवेयर लैपटॉप व कंप्यूटर में आने वाली समस्याओं के समाधान करता है। आरोपी विदेशी नागरिकों से एंटीवायरस सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर 100 डॉलर लेते थे। इसके बाद उसके कालरों को लिंक उनकी ईमेल पर भेजकर पैसे ठगते थे। आरोपियों द्वारा बगैर किसी लाइसेंस के फर्जी रूप से कॉल सेंटर चलाया जा रहा था।

## एल्युमिनियम का सामान चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्राम पृथला खंजरपुर में एल्यूमीनियम दरवाजे खिड़कियां बनाने वाली फैक्ट्री में सफाई कर्मचारियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चोरी कर ली। कंपनी मालिक ने सफाई कर्मी व उसके साथियों के खिलाफ थाना सेक्टर- 113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की प्रिसटीन एवेन्यू गौर सिटी में रहने वाले स्वप्न राय ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पृथला खंजरपुर में उसकी पोखराज वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एल्यूमीनियम दरवाजे व खिड़की बनाने की फैक्ट्री है। उनकी फैक्ट्री में बीते दिनों चोरी हो गई उन्होंने जब फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाली तो उसमें सफाईकर्मी अपने साथियों के साथ एल्युमिनियम का सामान चोरी करते हुए दिखाई दिए।

# क्राईम

## कोरियर कंपनी में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र की एक कोरियर कंपनी की अलमारी से 166000 रूपये चोरी कर ले गए। चोरी की है पूरी घटना कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

सिकंदराबाद निवासी वसीम खान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह डिलीवरी लिमिटेड कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं उनकी कंपनी सलारपुर नाले के पास स्थित है।4 अप्रैल को कंपनी का कर्मचारी तेज सिंह ने ऑफिस खोलने गया उसे शटर का ताला टूटा हुआ मिला। कंपनी के भीतर जाने पर पता चला कि अंदर रखी अलमारी के लॉक भी टूटे हुए हैं। वसीम खान ने बताया कि उनकी कंपनी में रखी आलमारी से 166000 रूपये चोरी कर ले गए हैं।

उन्होंने जब कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें दो युवक अलमारी का ताला तोड़ते हुए दिखाई दिए इसके अलावा कंपनी के बाहर कर लेकर भी दो युवक खड़े दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि कंपनी की अन्य ब्रांच में भी पूर्व में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## निर्वाचन कार्यालय की लापरवाही से प्राधिकरणकर्मी परेशान

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला निर्वाचन कार्यालय की लापरवाही के कारण नोएडा प्राधिकरण के आउटसोर्सिंग के तहत तैनात एक सीवर क्लीनिंग ड्राइवर काफी परेशान है। दरअसल निर्वाचन कार्यालय द्वारा जलखंड प्रथम में तैनात कर्मचारी विनोद कुमार शर्मा के नाम एक पत्र पहुंचा। जिसमें उसकी चुनाव में ड्यूटी लगाने की जानकारी भेजी गई है। इस बाबत जल विभाग के वरिष्ठ अफसर का कहना है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में नहीं लगती है।

इस संबंध में ना तो विभाग ने कोई सूची निर्वाचन विभाग को भेजी और ना ही जल विभाग से कोई सूची मांगी गई है। ऐसे में विनोद शर्मा इस पत्र को लेकर कभी परेशान है कि वह चुनाव ड्यूटी में जाए कि ना जाए। वह मधुमेह का मरीज भी है। विनोद शर्मा का कहना है कि विनोद शर्मा के नाम का कोई भी कर्मचारी जल विभाग में नहीं है उसका नाम विनोद कुमार शर्मा है। इस पत्र को लेकर प्राधिकरण का यह कर्मचारी काफी पेशोपेश में है।

## ओला कैब चालक ने की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** बरौला गांव में किराए पर रहने वाले ओला कैब चालक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी अभय प्रताप पुत्र अमरपाल यादव बरौला गांव में अपने दोस्तों के साथ किराए पर रह रहा था अभय प्रताप ओला कैब चलाता था। पड़ोसियो के मुताबिक गुरुवार की दोपहर को वह अपने कमरे पर आ गया शाम के समय अभय प्रताप के दोस्त कमरे पर पहुंचे तो उन्हें दरवाजा बंद मिला कई बार खटखटाना पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा कमरे में अभय प्रताप फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत मकान मालिक और थाना सेक्टर-49 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभय प्रताप के दोस्त भी आत्महत्या के बारे में कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहे हैं। प्रारंभिक जांच पता चला है कि अभय प्रताप पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी।

## बेहरमी से पीटने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बीच सड़क पर युवक को गिराकर लाठी डंडों से बेरहमी से पीटने के आरोप में थाना दादरी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि चांद मस्जिद नई आबादी निवासी सालदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बेटा माजिद अपने घर से दादरी की तरफ जा रहा था इस दौरान कटहरा रोड पर उसे मोहसिन उर्फ मच्छी मोहसिन वसीम सरताज अरशद मुल्लाजी उस्मान, मुज्जी व उसके कुछ साथियों ने घेर लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर माजिद के साथ बीच सड़क पर मारपीट की गई। आरोपियों ने माजिद की लाठी डंडों से पिटाई कर उसे लहू लुहान कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बना लिया था वीडियो में आरोपी माजिद को बुरी तरह मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल इमरान पुत्र रमजान को एनटीपीसी कट के पास से गिरफ्तार कर लिया है।



## खास खबर

● डेब्यू आईपीएल पारी में अर्धशतक लगाने वाले

### सबसे युवा बल्लेबाज़ बने रघुवंशी

विशाखापत्तनम, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी अपनी डेब्यू आईपीएल पारी में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार



को हासिल की थी। मैच में आते समय अंगकृष रघुवंशी की उम्र 18 साल, 303 दिन थी। डेब्यू आईपीएल पारी में 50+ स्कोर बनाने वाले 23 बल्लेबाज़ों में रघुवंशी की उम्र सबसे कम है। इससे पहले श्रीवत्स गोस्वामी सबसे युवा थे जिन्होंने 19 साल पूरा होने के अगले ही दिन डेब्यू पर 52 रन बनाए थे। रघुवंशी ने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। पहली आईपीएल पारी में यह लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। 2008 में डेब्यू पर जेम्स होप्स ने 24 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

### 18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास

**अपनी पहली ही पारी में तोड़ दिया 16 साल पुराना रिकॉर्ड**

विशाखापट्टनम, एजेंसी। कोलकाता नाईट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 20 ओवर में 272 रन बनाने का कारनामा किया। इस दौरान 18 साल के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने काफी महफिल लूटी। अंगकृष रघुवंशी भले ही आईपीएल में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी पहली आईपीएल पारी में ही लीग के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास**- अंगकृष रघुवंशी ने इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी आईपीएल के इतिहास में करियर की पहली पारी में अर्धशतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। अंगकृष ने 18 साल, 303 दिन की उम्र में ये कारनामा किया। इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीवत्स गोस्वामी के नाम था। श्रीवत्स गोस्वामी ने साल 2008 में 19 साल 1 दिन की उम्र में अपनी आईपीएल की पहली पारी में अर्धशतक लगाया था।

इस लिस्ट में भी निकले सबसे आगे

अंगकृष ने 25 गेंद पर अपना पहला आईपीएल अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी 200 स्ट्राइक रेट के साथ आईपीएल अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए। वहीं, ये आईपीएल करियर की पहली पारी में बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले 2008 में जेम्स होप्स ने अपनी पहली आईपीएल पारी में 24 गेंद में फिफ्टी लगाई थी।

## चारों खाने चित...




### ईशांत की यॉर्कर पर क्रीज पर गिरे रसेल

कोलकाता की पारी के दौरान ईशांत शर्मा की यॉर्कर पर आंद्रे रसेल क्रीज पर गिर गए और बोल्ड भी हो गए। च्यक्र की पारी के 20वें ओवर में ईशांत शर्मा ने पहली बॉल 144 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी। रसेल यार्कर रोकने और खुद को बचाने के चक्कर में क्रीज पर ही गिर गए, लेकिन ईशांत की बॉल उनके स्टंप बिखेरती चली गई।

**आईपीएल 2024 में बना बड़ा कीर्तिमान**

# 16 मैचों में ही लगे 442 चौके व 299 छक्के



### लीग के 16 साल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

विशाखापत्तनम, एजेंसी। आईपीएल 2024 अभी तक बल्लेबाजों के नाम रहा है। फैंस को इस बार लीग में खुब चौके-छक्के देखने को मिल रहे हैं। सीजन के शुरुआती 16 मैचों में ही 442 चौके और 299 छक्के लग चुके हैं। वहीं, लीग के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी इस सीजन में बना है। दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मैच में भी कुछ ऐसा ही खेल देखने को मिला, जिसने आईपीएल के इतिहास को ही बदल के रख दिया।

आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में विस्फोटक खेल दिखाया। केकेआर के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में 7 विकेट 272 रन बना दिए। ये आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर हैं। वहीं, ये इस सीजन में दूसरा मौका था, जब किसी टीम ने 250+ रन बनाए। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए थे, जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इसी के साथ आईपीएल के इतिहास में ये पहला मौका है जब एक सीजन में 2 बार 250+ स्कोर बने हैं। इससे पहले खेले गए 16 सीजन में ऐसा कभी नहीं हुआ था।

**आईपीएल में 250+ रन बनाने वाली टीमें**

- 277/3 - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस, हैदराबाद, 2024
- 272/7 - कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, विशाखापट्टनम, 2024
- 263/5 - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पुणे वॉरियर्स, बेंगलुरु, 2013
- 257/5 - लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स, मोहाली, 2023

### आईपीएल में पहली बार इस टीम ने बनाए थे 250+ रन

आईपीएल के इतिहास में अभी तक 4 टीमें ही 250+ का स्कोर बना पाई हैं। ये कारनामा सबसे पहले यल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 263 रन बनाए थे। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल ने 66 गेंदों में 175 रन की पारी खेली थी जिसमें 13 चौके और 17 छक्के शामिल थे।

## आंद्रे रसेल ने सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे

**दिल्ली के खिलाफ मैच के दौरान तोड़ा रिकॉर्ड**

विशाखापत्तनम, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वकालिक रन-स्कोरिंग चार्ट में महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। खेल के दौरान रसेल ने एक बार फिर अपनी पुरानी पावर-हिटिंग दिखाई और केवल 19 गेंदों में 41 रन बनाए जिसमें चार चौकों और तीन छक्कों के साथ उनका स्ट्राइक रेट 215 से



ज्यादा का रहा। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 115 मैचों में 29.96 की औसत, 11 अर्धशतक और 176.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,367 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 88* है। वह आईपीएल में अब तक के 44वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीज़न में तीन मैचों में ऑलराउंडर ने 105.00 की औसत से 105 रन बनाए हैं जिसमें 238 से अधिक की स्ट्राइक रेट है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64* है। 2019 सीजन रसेल के बल्ले से सर्वश्रेष्ठ था जब उन्होंने 14 पारियों में 56.66 की औसत और 204 से अधिक की स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों के साथ 510 रन बनाए।

## पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा स्लो ओवर रेट के लिए 24 लाख का फाइन

**सीएसके के खिलाफ भी मिली थी सजा**

विशाखापट्टन, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा है। उन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स (च्यक्र) के खिलाफ स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी गुरुवार को दी। इससे पहले, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में भी वे स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए थे। लेकिन सीजन की पहली गलती होने की वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था।



पंत के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25त्न जुर्माना लगा है। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए। जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा है।

## रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक

**अल नासेर ने अभा पर 8-0 से दर्ज की जीत**



नई दिल्ली, एजेंसी। शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की। रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है।

### दूसरे हाफ में हुए तीन गोल

अलसुलाहिम ने पहले हाफ से एक मिनट पहले गोलकर अल नासेर की बढ़त 5-0 की। सुलेमान ने यह गोल भी रोनाल्डो के पास पर किया। रोनाल्डो के मैदान पर नहीं होने के बावजूद नासेर ने दूसरे हाफ में भी गोल किए। अब्दुलरहमान गरीब ने छठा गोल किया, जबकि स्थानापन्न अब्दुलअजीज अल अलाइवा ने बाकी दो गोल किए।

### 29 गोल कर सऊदी लीग में शीर्ष गोल स्कोरर हैं रोनाल्डो

शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं।

क्रिस्टियानो ने माने के गोल में की मदद

अल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा। 10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे।

## सोचा था कि 210-220 ठीक रहेगा, लेकिन 272 तो सोने पर सुहागा था: श्रेयस अय्यर

विशाखापत्तनम, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा आईपीएल 2024 में अपना अजेय क्रम बरकरार रखने के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पर 106 रनों की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद, कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनका शुरुआती आकलन था कि 210-220 का स्कोर ठीक रहेगा। लेकिन उसकी टीम का 272 रन बनाना सोने पर सुहागा था। सुनील नारायण (85), अंगकृष रघुवंशी (54), आंद्रे रसेल (41) और रिंकू सिंह (26) ने केकेआर को 272/2 के विशाल स्कोर तक पहुंचाने के लिए जोरदार आतिशबाजी की, जो कि आईपीएल के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी है। विशाखापत्तनम की शांत पिच पर, केकेआर ने 22



चौकों और 18 छक्कों की मदद से दो घंटे तक सनसनीखेज उत्पात मचाया। बदले में, गेंदबाजों ने सामूहिक प्रयास करके डीसी को 17.2 ओवर में 166 रन पर आउट कर दिया। यह पहली बार है कि केकेआर ने लगातार तीन जीत के साथ आईपीएल सीज़न की शुरुआत की है, जिससे वह संभावित खिताब के दावेदार के रूप में स्थापित हो गया है। मैच समाप्त होने के बाद अय्यर ने कहा, ÷ईमानदारी से कहूं तो, जिस तरह से हम शुरुआत में थे, शायद हम 210-220 के आसपास पहुंच सकते थे, लेकिन 270 (272/7) सोने पर सुहागा था। सनी (नारायण) का काम वहां जाना है और अपने हाथ खोलने हैं और यह सुनिश्चित करना है कि वह हमें एक शानदार पावरप्ले दें। भले ही वह ऐसा नहीं करता है, हमारे पास अन्य बल्लेबाज हैं जो मूल रूप से गेंदबाजों का सामना कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम पावरप्ले के अंत तक एक सराहनीय स्कोर हासिल करें। इसलिए इरादे मजबूत

## डूबती हुई मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार यादव का सहारा

**फिटनेस को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट**



नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम को जल्द ही मजबूती मिलेगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने राष्टीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में लगभग सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिये हैं। वह सत्र का अपना पहला आईपीएल मैच खेलने के करीब हैं। सूर्यकुमार की टखने में ग्रेड दो चोट के लिए और स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी।

**कब से चोटिल चल रहे सूर्यकुमार यादव**- उन्होंने आखिरी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका में टी20 सीरीज में खेला था। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सूर्या ने एक नियमित परीक्षण को छोड़कर बाकी सभी परीक्षण पास कर लिए हैं जो एनसीए से आरटीपी (खेलने के लिए वापसी) प्रमाण पत्र पाने के लिए अनिवार्य हैं। एक और परीक्षण होना बाकी है जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।'



# कच्चे आम के बेशकीमती लाभ

## इस मौसम में जरूर फायदा उठाएं

**गर्मियों में कच्चे और पके आम की भरपूर आवक होती है और इन दोनों के अपने अलग फायदे हैं। कच्चे आम की चटनी हो या पना, गर्मी के मौसम में स्वाद और सेहत दोनों के लिए बेहद लाभदायक है। जानिए कच्चे आम यानि कैरी के यह 7 बेहतरीन फायदे**

- कच्चे आम का प्रयोग सिर्फ भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए ही नहीं बल्कि स्वस्थ रहने के लिए भी किया जा सकता है। कच्चे आम के सेवन से रक्त संबंधी विकारों से बचा जा सकता है।
- अगर आपको एसिडिटी, गैस या अपच जैसी समस्या हो रही हैं, तो कच्चे आम का सेवन आपके लिए काफी लाभदायक होगा। यह कब्ज और पेट के सभी विकारों से निपटने में आपकी मदद करेगा।
- ऊल्टी आना या फिर जी मचलाने की समस्या में कच्चे आम का काले नमक के साथ सेवन करना आपको निजात दिला सकता है। कुछ ही देर में यह आपको सामान्य महसूस कराने में मदद करेगा।
- कच्चे आम का नियमित सेवन कर न केवल आप अपने बालों को काला बनाए रख सकते हैं, बल्कि बेदाग और दमकती हुई त्वचा आसानी से पा सकते हैं। इससे त्वचा में कसाव भी बना रहता है।
- शुगर की समस्या होने पर इसका प्रयोग आपके शुगर लेवल को कम करने में बेहद सहायक होगा। इसका प्रयोग कर आप शरीर में आयरन की पूर्ति भी आसानी से कर सकते हैं।
- इसमें विटामिन सी अच्छी खासी मात्रा में मौजूद है, जो आपकी खूबसूरती का ध्यान तो रखता ही है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा करता है। इसक प्रयोग आंखों के लिए भी फायदेमंद है।
- अगर आपको अत्यधिक पसीना आता है, तो कच्चे आम का पना या फिर किसी भी रूप में इसका प्रयोग आपकी इस समस्या को आसानी से दूर करने में कारगर साबित होगा।





# गठिया का दर्द सोख लेती हैं ये चीजें, जड़ से खत्म होगी दर्दनाक तकलीफ

**आर्थराइटिस पेन को गठिया का दर्द भी कहा जाता है। जिसे कम करने के लिए कुछ चीजों का सेवन करना चाहिए। शोधों में इन फूड्स को दर्द और इंफ्लामेशन से छुटकारा दिलाने वाला पाया गया है।**

बुढ़ापे के साथ जोड़ों का दर्द भी आना आम बात है। इस रोग को गठिया या आर्थराइटिस भी कहा जाता है। उम्र के साथ घुटनों, कोहनी आदि हड्डी के जोड़ों की मूवमेंट कम होने लगती है और इंफ्लामेशन बढ़ने लगती है। जिसकी वजह से सूजन, दर्द, अकड़न जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इस बीमारी में कुछ एंटी-इंफ्लामेटरी फूड्स रामबाण साबित हो सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में दर्द को कम करने वाली शक्ति होती है। इसलिए घर के बड़े-बुजुर्गों को इन चीजों का सेवन जरूर करवाएं।

### सेब है गठिया का इलाज

सेब खाकर गठिया के दर्द से राहत पाई जा सकती है। क्योंकि, इसे मोटापे से आई सूजन व इंफ्लामेशन को कम करने में मददगार देखा गया है। जिससे मोटापे के शिकार लोगों में जोड़ों के दर्द में भी कमी देखी गई।



### खाने में अच्छी तरह डालें अदरक और हल्दी

अदरक और हल्दी को आयुर्वेद में कई रोगों की दवा माना जाता है। क्योंकि यह एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों का भंडार हैं। इन्हें औषधि या भोजन के रूप में लेने पर दर्द, सूजन आदि लक्षणों से राहत पाई जा सकती है।

### स्ट्रॉबेरी, क्रैनबेरी, ब्लैकबेरी

सभी बेरीज में विटामिन सी और अन्य एटीऑक्सीडेंट्स की भरमार होती है। आर्थराइटिस फाउंडेशन के मुताबिक, इनमें गठिया से लड़ने वाले गुण होते हैं।

### मशरूम है लाभदायक

मशरूम के अंदर फेनोलिक, इंडोलिक, मायकोस्टेरोइड्स, फैटी एसिड, कैरोटेनोइड्स, विटामिन और बायोमेटल जैसे कई सारे एंटी-इंफ्लामेटरी कंपाउंड होते हैं। यह सभी तत्व आर्थराइटिस के इलाज में मदद करते हैं।

### अनार खाने के फायदे

अनार के अंदर टैनिन काफी मात्रा में होते हैं। इनमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं। जो घुटनों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसलिए गठिया के मरीजों के लिए इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है

# बीमारियों से लड़ने के लिए मजबूती देती है भिंडी



गर्मियों के मौसम की एक सब्जी भिंडी जो सभी सब्जियों में खास मानी गई है। यह काफी लोगों की पहली पसंद होती है, तो कई लोग इसे नापसंद भी करते हैं। अगर आप गर्मियों में भिंडी खाते हैं तो आपका इम्युनिटी सिस्टम बेहतर होता है, भिंडी खाने से शरीर को ज्यादातर बीमारियों से लड़ने के लिए मजबूती मिलती है तथा आपकी बॉडी आसानी से वायरल इंफेक्शन से लड़ सकती है। यह इम्युनिटी बूस्ट करती है। लेडी फिंगर कही जाने वाली यह हरी सब्जी खास तौर पर यह बच्चों को अधिक पसंद आती है।

- **पाचन तंत्र**- भिंडी फाइबर से भरपूर सब्जी है। इसमें मौजूद लसलसा फाइबर पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे पेट फूलना, कब्ज, दर्द और गैस जैसी समस्याएं नहीं होती।
- **हृदय**- भिंडी आपके दिल को भी स्वस्थ रखती है । इसमें मौजूद पैक्टिन कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, साथ ही इसमें पाया जाने वाला घुलनशील फाइबर, रक्त में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है।
- **डायबिटीज**- इसमें पाया जाने वाला यूगेनॉल, डायबिटीज के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है। यह शरीर में शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है, जिससे डायबिटीज का खतरा कम होता है।
- **अनीमिया**- भिंडी एनीमिया में भी काफी लाभदायक होती है। इसमें मौजूद आयरन हीमोग्लोबिन का निर्माण करने में सहायक होता है, और विटामिन- के, रक्तस्त्राव को रोकने का कार्य करता है।
- **आंखों की रोशनी**- भिंडी विटामिन-ए, बीटा कैरोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंटद्यस से भरपूर होती है, जो सेल्युलर चयापचय से उपजे मुक्त कणों को समाप्त करने में सहायक होते हैं। यह कण नेत्रहीनता के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा भिंडी मोतियाबिंद से भी बचाती है।
- **हड्डियां बनाए मजबूत**- भिंडी में पाया जाने वाला लसलसा पदार्थ हमारी हड्डियों के लिए उपयोगी होता है। इसमें पाया जाने वाला विटामिन-के हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होता है।
- **इम्यून सिस्टम**- भिंडी में विटामिन-सी होने के साथ यह एंटीआक्सिडेंट से भरपूर होती है। जिसके कारण यह इम्यून सिस्टम को मजबूत कर शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करती है। इसे भोजन में शामिल करने से कई बीमारियों जैसे खांसी, ठंड जैसी समस्याएं भी नहीं होती।
- **कैंसर**- भिंडी को अपनी थाली में शामिल करके आप कैंसर को दूर भगा सकते हैं। खासतौर से कोलन कैंसर को दूर करने में भिंडी बहुत फायदेमंद है। यह आंतों में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है, जिससे आंतें स्वस्थ रहती हैं और बेहतर तरीके से कार्य करती हैं।
- **वजन**- भिंडी आपके वजन को कम करने के साथ ही अपकी त्वचा को जवान बनाए रखने में भी मदद करती है। इसका प्रयोग बालों को खूबसूरत, घना और चमकदार बनाने के लिए भी किया जाता है। इसके लसलसे पदार्थ को नींबू के साथ शैंपू की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।



# पथरी-पीलिया के लिए नैचुरल टॉनिक है गन्ने का रस

**गर्मियों में गन्ने के जूस से बढ़िया कोई ड्रिंक नहीं है, स्वाद और पोषण से भरपूर गन्ने का रस शरीर को ऊर्जा देने के अलावा कई बीमारियों से बचाने में सहायक है।**

गर्मी में ठंडक पाने के लिए अधिकतर लोग कोल्ड ड्रिंक्स या अन्य शुगरी ड्रिंक्स का अधिक सेवन करते हैं। इन चीजों के सेवन से आपकी सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। अगर आप गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के साथ कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने व उनका इलाज करना चाहते हैं, तो आपको गन्ने का रस पीना चाहिए। गन्ने का रस एक 100 नैचुरल ड्रिंक है जिसमें किसी तरह कोलेस्ट्रॉल नहीं होता। हालांकि इसमें थोड़ा फैट, फाइबर और प्रोटीन की मात्रा होती है। गन्ने का रस में सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसी पोषक पाए जाते हैं। गर्मियों में बॉडी को हाइड्रेटेड रखने के अलावा गन्ने का रस आपको कैंसर से बचाने, पाचन को दुरुस्त रखने, किडनी के कामकाज को बढ़ाने, हड्डियों को मजबूत बनाने और खून की कमी से बचाने आदि में सहायक है।

### बॉडी को तुरंत मिलती है एनर्जी

गन्ने का रस स्वादिष्ट होता है और इसे पीने से आपके शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। गर्मियों में पसीना और चिलचिलाती धूप शरीर की सारी ताकत खत्म कर देती है और डिहाइड्रेट कर देती है। गन्ने का ताजा रस शरीर को तरोताजा करने का हेल्दी तरीका है।

### लिवर के कामकाज को बनाता है मजबूत

एक अध्ययन के अनुसार गन्ने का रस विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और यह लिवर के कामकाज को बेहतर बनाने में सहायक है। अध्ययनों से पता चलता है कि गन्ने का रस नेचर में एल्कलाइन होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। यही वजह है कि पीलिया होने पर गन्ने का रस पीने की सलाह दी जाती है।

### कैंसर से लड़ने की क्षमता

अध्ययनों से पता चला है कि गन्ने के रस में मौजूद पॉलीफेनोल्स, हाई एंटीऑक्सीडेंट और एंटी कैंसर गुण होते हैं। यही वजह है कि गन्ने के रस में कैंसर से लड़ने की क्षमता होती है।

### पाचन तंत्र को बनता है मजबूत

अगर आपका पाचन तंत्र कमजोर है, तो आपको गन्ने का रस पीना चाहिए। गन्ने के रस में मौजूद पोटैशियम पेट में पीएच लेवल को संतुलित करता है। गन्ने का रस पीने से व्यक्ति हाइड्रेटेड रहता है और नियमित मल त्याग में मदद मिलती है। यह पेट के संक्रमण को रोकने में भी मदद करता है।

### डायबिटीज के मरीजों के लिए बढ़िया ड्रिंक

हालांकि गन्ने के रस में शुगर होती है लेकिन सीमित मात्रा में इसके सेवन से डायबिटीज के रोगियों को फायदेमंद हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नैचुरल शुगर में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से रोकता है। अध्ययन के अनुसार, गन्ने में विभिन्न पॉलीफेनोल्स होते हैं जो डायबिटीज को बेहतर ढंग से मैनेज करते हैं।

### किडनी हेल्थ के लिए पावरफुल ड्रिंक

गन्ने के रस में बिल्कुल भी कोलेस्ट्रॉल नहीं होता है, साथ ही इसमें सोडियम भी बहुत कम होता है। इसके अलावा इसमें सैचुरेटेड फैट भी नहीं होता है और यही वजह है कि यह किडनी को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### यह भी हैं गन्ने का जूस पीने के फायदे

गन्ने का रस शरीर की सूजन, यूटीआई, किडनी की पथरी और प्रोस्टेटाइटिस जैसे लक्षणों को मैनेज करता है, इसमें कैल्शियम की मात्रा होने की वजह यह हड्डियों को विकास और मजबूती के लिए जरूरी है, साथ ही यह मुंह की दुर्गन्ध दूर करता है और दांतों को मजबूती देता है

### गन्ने के रस के नुकसान

गन्ने के रस पीने के साइड इफेक्ट बहुत कम होते हैं, लेकिन फिर भी यह कुछ स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकता है। गन्ने में पोलीकोसानॉल नामक तत्व होता है और इसके अधिक सेवन से अनिद्रा, पेट खराब, चक्कर आना, सिरदर्द और वजन कम हो सकता है। यह रक्त को पतला भी कर सकता है और रक्त में कोलेस्ट्रॉल लेवल को को प्रभावित कर सकता है।



**कोई भी बीमारी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती। इन दिनों खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी डाइट और व्यायाम करना बहुत ही जरुरी है। एक्सरसाइज करने से आपका शरीर एकदम फूर्तीला रहता है और आप बीमारियों से भी दूर रहेंगे। आज आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज बताएंगे जो आपके हार्ट के साथ-साथ आपके स्वस्थ शरीर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होगी। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में.**

# दिल रहेगा एकदम स्वस्थ रुटीन में ये ट्राई करें

### कार्डियो एक्सरसाइज करें

हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप कार्डियो एक्सरसाइज को अपनी डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं। इसमें जॉगिंग, साइकिलिंग और वॉक भी शामिल हैं। इससे आपके हृदय की गति तेज होगी और साथ में हृदय की मांसपेशियों की भी एक्सरसाइज होगी।

### स्ट्रेचिंग और वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज

आप अच्छे स्वास्थ्य और दिल को स्वस्थ रखने के लिए वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग भी कर सकते हैं। स्ट्रेचिंग करने से आपके शरीर में लचीलापन आता है। साथ ही वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज करने से आपका वजन कंट्रोल में रहता है और शरीर में ताकत भी आती है। वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज में आप पुशअप्स, स्क्वैट्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज को अपनी रुटीन का हिस्सा बना सकते हैं।

### जंपिंग जैक एक्सरसाइज करें

जंपिंग जैक एक्सरसाइज आपके हेल्दी हार्ट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे आपका हृदय स्वस्थ रहता है। इससे हृदय की गति भी बहुत अच्छे से होती है।

### कैसे करें जंपिंग जैक एक्सरसाइज

.सबसे पहले आप सीधे खड़े हो जाएं।
.इसके बाद ऊपर की ओर उछलें और अपने हाथों को भी ऊपर उठा लें। .हाथ उठाने के बाद पैरों को भी फैला लें। ऐसे ही 10-15 मिनट तक करें और फिर नीचे नार्मल पॉजिशन में आ जाएं।

### हर्डल जंप करें

आप हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप हर्डल जंप एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। इसमें आप किसी हर्डल को लेकर उसके ऊपर से जंप करें। आप डंबल, बॉक्य या फिर किसी स्टेपर का हर्डल के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन चीजों को आप उछल कर पार करें। इस एक्सरसाइज से आपकी हार्ट बीट तेज होगी। हार्ट बीट तेज होने से आपका दिल मजबूत बनेगा।

### बर्पी एक्सरसाइज करें

बर्पी एक्सरसाइज आपकी बाजुओं , टांगों और छाती के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इस एक्सरसाइज में स्क्वाट, पुशअप, जंपिंग तीनों चीजें एकसाथ की जाती है। यह तीनों एक्सरसाइज आपको एक सैट में ही करनी पड़ती हैं। इस एक्सरसाइज से आपकी हृदय गति तेज होगी और दिल की धड़कन एकदम नॉर्मल हो जाएगी।





# जून में दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू करेंगे अजय!

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। अजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मैदान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। ये फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का आखिरी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। इसके अलावा अभिनेता को लेकर एक और खबर सामने आ रही है कि वह जल्द ही इसी साल जून में अपनी अगली फिल्म दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय देवगन मई के अंत तक सिंघम अगेन और रेड 2 की शूटिंग पूरी कर लेंगे। दोनों फिल्में 2024 के आखिरी में रिलीज होने वाली हैं। इन दोनों फिल्मों को शूटिंग के बाद वह लंदन जाएंगे। इस दौरान वह दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग करेंगे। इसके साथ ही वह सन ऑफ सरदार 2 पर भी काम करेंगे। खबर के मुताबिक वह लंदन में 15 दिन के लिए दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग करेंगे। इस फिल्म को अनुशुल शर्मा द्वारा निर्देशित किया जाएगा। लंदन में दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग के बाद अजय देवगन अपनी 2012 की हिट कॉमेडी फिल्म सन ऑफ सरदार के सीक्वल की शूटिंग शुरू करेंगे। अभिनेता बैक टू बैक इन फिल्मों की शूटिंग करेंगे। सन ऑफ सरदार 2 के निर्देशक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में कॉमेडी के लिए जाने जाने वाले एक मशहूर निर्देशक को चुना है। मेकर्स ने दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट से हाल ही में पर्दा उठाया है। 13 मार्च को टी सीरीज के अधिकारी ने फिल्म की रिलीज डेट की खबर साझा की थी। लव फिल्म्स और टी सीरीज के अधिकारी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 1 मई 2025 को दे दे प्यार दे 2 रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा करेंगे। वहीं, इसे तरुण जैन और लव रंजन ने लिखा है। इससे पहले एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट को छुट्टियों को ध्यान में रखकर तय किया गया है। अजय देवगन के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वह फिल्म शैतान में नजर आए थे। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म मैदान को लेकर चर्चे में हैं। ये फिल्म ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।



# दर्शकों से मिल रहे प्यार से खुश हैं अदा

अभिनेत्री अदा शर्मा हाल ही में फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी में दिखाई दी थीं। फिल्म मे अदा के किरदार को खूब पसंद किया जा रहा है। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी अदा के किरदार की खूब सराहना की है। बस्तर से पहले अदा ने फिल्म द केरल स्टोरी में भी अपने किरदार के लिए खूब सुर्खियां बटोरी थीं। सनफ्लावर सीजन 2 में उनकी भूमिका को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया है। अभिनेत्री ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओटीटी पर एक महीने में अपनी सफल 3 रिलीज द केरल स्टोरी, सनफ्लावर सीजन 2 और बस्तर को लेकर बात की है। वे इस बात से बेहद खुश हैं कि उनके हर किरदार को दर्शकों द्वारा सराहा जा रहा है। इस दौरान अदा अपनी नानी की साड़ी में नजर आईं, उन्होंने बताया कि जब वह बहुत छोटी थीं, ये साड़ी तब की है और इस साड़ी की कीमत महज 15 रुपये है। उन्होंने कहा कि उनकी नानी ने जब ये साड़ी खरीदी तब पंद्राह रुपये भी काफी हुआ करते थे। अदा ने अपने किरदारों पर बात करते हुए कहा, मैं खुश हूं कि अलग-अलग करिदारों में ऑडियंस मुझे पसंद करती है। फिल्म 1920 के बाद लोगों ने कहा था कि अभी तुम वैसे ही रोल करोगी। द केरला स्टोरी के बाद भी मुझे बहुत लोगों ने कहा कि नहीं अभी तुम केवल सीरियस किरदार ही करोगी और फिर मैंने सनफ्लावर की उसमें बहुत कॉमेडी है। इसके बाद बस्तर आई जो काफी सीरीयस है।

## किरदार के लिए लोगों को करती हैं ऑब्जर्व

अभिनेत्री ने कहा, मैं इंतजार करती हूं कि मुझे ऐसे किरदार मिलें जो अदा से अलग हों, जिनपर मैं मेहनत करूं। इसके साथ उन्होंने कहा, मैं लोगों को काफी ऑब्जर्व करती हूं, ताकि मैं अगर इस तरह का किरदार करूं, तो इससे कुछ ले सकूं। मैं अपने दिमाग में सब रिकॉर्ड करती हूं, इसके लिए दिमाग में एक फाइल रखती हूं। तो ऐसा कोई रोल होता है, तो उसी फाइल से मैं कुछ न कुछ लेती हूं। मैं इंसान जानवर सभी से कुछ न कुछ सीखती हूं।

# डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की निर्माता बनीं प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका चोपड़ा वापस यूएसए लौट गई हैं। इसी बीच खबर आई है कि अभिनेत्री की प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स बैनर बैरी एवरिच की नई फीचर डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की प्रोडक्शन टीम में शामिल हो गई हैं। ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों भारत आई थीं। हालांकि, 31 मार्च को वह पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ यूएसए में अपने घर लौट गईं।**

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने व्यक्त किया कि वे भारत में छुट्टियों के बाद प्रियंका चोपड़ा को अपने पेशेवर जीवन में फिर से काम करते देखना चाहते हैं। और अब, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 41 साल की डीवा और उनकी प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स बैनर बैरी एवरिच की नई फीचर डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की प्रोडक्शन टीम में शामिल हो गई हैं।

## निर्माता बनीं प्रियंका चोपड़ा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मेलबार एंटरटेनमेंट ग्रुप और पर्पल पेबल पिक्चर्स ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसमें अभिनेत्री और निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस की पर्पल पेबल पिक्चर्स और बैरी एवरिच की आगामी डॉक्यूमेंट्री, बॉर्न हंग्री के पीछे की प्रोडक्शन टीम को एक साथ लाया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, कहानी ने मुझे तुरंत मोहित कर लिया, न केवल भारत को प्रदर्शित करने का बल्कि उनकी यात्रा और अपने परिवार और खुद को खोजने के उनके गहन जुनून को भी दर्शाने का एक शानदार अवसर पेश किया।

## बॉर्न हंग्री की कहानी

बॉर्न हंग्री एक छोड़ दिए गए भारतीय लड़के के बारे में एक सम्मोहक सच्ची कहानी होने की उम्मीद है, जो भारत की विशाल रेलवे प्रणाली में घूमते हुए घर से बेहद दूर पहुंच जाता है। सैश सिम्पसन, चेन्नई की सड़कों पर कचरे के डिब्बे में खाना खाकर कठिन समय में जीवित रहता है। इसके बाद एक दयालु कनाडाई जोड़ा उसे बचाता है और गोद ले लेता है। अब, बिखरी हुई यादों के साथ, सैश भारत में अपने मूल परिवार को खोजने के लिए एक भावनात्मक यात्रा पर निकलता है।



# टेलीविजन में काम करना हमेशा से मेरा जुनून


रहस्यमय रिवेंज थ्रिलर बाघिन में अग्नि का किरदार निभाने वाले एक्टर कृप सूरी ने बताया कि टेलीविजन में काम करना हमेशा से उनका जुनून रहा है, जिससे एक कलाकार के रूप में उन्हें अपार संतुष्टि मिलती है। कृप फुलवा, उतरन, लाल इश्क और फना- इश्क में मरजावां जैसे टीवी शो का हिस्सा रहे हैं। अपने काम के प्रति अपने प्यार और जुनून पर बात करते हुए स्टार ने कहा, टेलीविजन पर काम करना हमेशा से मेरा जुनून रहा है। मुझे टेलीविजन में प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ सहयोग करने का सौभाग्य मिला है और वर्षों से असाधारण परियोजनाओं का हिस्सा बनने का भी मौका मिला है। उन्होंने कहा, मैं वेब शो और अन्य परियोजनाओं जैसे विभिन्न प्रोजेक्ट में व्यस्त रहा, हो सकता है कि महत्वपूर्ण टेलीविजन भूमिकाएं हासिल करने के लिए यह समय अनुकूल न हो। कृप सूरी ने कहा, वह लगातार सार्थक भूमिकाओं के लिए उत्सुक रहते हैं। उन्होंने कहा, अब जब मैं शो बाघिन के साथ एक मजबूत किरदार के रूप में लौट आया हूं तो मैं इंडस्ट्री में अपने सहयोगियों को एक संदेश देना चाहता हूं। मैं उनसे भूमिकाओं के लिए मेरे बारे में विचार करने का आग्रह करता हूं क्योंकि मैं अपनी टेलीविजन यात्रा जारी रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। एक्टर ने आगे कहा, यह वह माध्यम है जो मेरे लिए सबसे अधिक महत्व रखता है, और मैं इसका अभिन्न अंग बने रहने के लिए तैयार हूं।





# कृति ने क्रू के सीक्वल को लेकर दिया बड़ा हिंट

अभिनेत्री कृति सेनन के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। दो महीने के अंदर बैक टू बैक उनकी दो फिल्में रिलीज हुईं और दोनों ही दर्शकों को पसंद आई हैं। फरवरी में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के बाद कृति इन दिनों फिल्म क्रू को लेकर तारीफें बटोर रही हैं। इस फिल्म में वह करीना कपूर और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आई हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने क्रू के सीक्वल को लेकर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। हीस्ट कॉमेडी क्रू बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है और अभिनेत्री कृति सेनन का कहना है कि वह सह-कलाकार तब्बू और करीना कपूर खान के साथ इस फिल्म के सीक्वल पर काम करना पसंद करेंगी। क्रू तीन एयर होस्टेस की कहानी है, जिनका एयरलाइंस दिवालिया होने की कगार पर होता है और ऐसे में उन्हें सैलरी नहीं मिलती तो कैसे वे गलत रास्ता अपनाती हैं। राजेश ए कृष्णन द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने रिलीज के छह दिनों के भीतर अच्छा खासा कलेक्शन कर लिया है। इसका निर्माण अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क और बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म के सीक्वल को लेकर कृति ने कहा कि अगर लेखिका निधि मेहरा और मेहुल सूरी एक अच्छी स्क्रिप्ट लेकर आते हैं तो वह क्रू में एक बार फिर दिव्या राणा की भूमिका को दोबारा करने के लिए तैयार हैं। कृति ने कहा, लोग इसे पसंद कर रहे हैं। हम फिर से वापस आना और कुछ मजेदार करना पसंद करेंगे। यह दर्शक ही हैं जो निर्माताओं को सीक्वल के लिए प्रेरित करते हैं। जब वे किसी चीज को इतना पसंद करते हैं, तो आपको लगता है कि आप आगे कुछ कर सकते हैं। कृति ने कहा, क्रू एक ऐसी फिल्म है, जो भारतीय सिनेमा में पहले नहीं बनी है क्योंकि देश में डकैती वाली फिल्में पुरुष नायक के इर्द-गिर्द घूमती हैं, लेकिन हमने तीन महिलाओं वाली कोई फिल्म नहीं देखी है। लोगों को केमिस्ट्री भी पसंद आ रही है और मैं इससे बहुत खुश हूं।



# अपनी शुरुआती फिल्म देखकर घुटन होती है

ओटीटी दर्शकों को स्कैम और स्कूप जैसी शानदार वेब सीरीज का तोहफा देने वाले फिल्ममेकर हंसल मेहता अब समुद्री लुटेरों की दुनिया पर आधारित नई सीरीज लुटेरे लेकर आए हैं। इस सीरीज से उनके बेटे जय मेहता ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया है। इसी सिलसिले में हमने हंसल से की ये खास बातचीत -

**आपने करियर के शुरुआती दस सालों में दिल पे मत ले यार, छल, वुडस्टॉक विला जैसी मेनस्ट्रीम फिल्में बनाईं, फिर शाहिद, सिटी लाइट्स, अलीगढ़ जैसी मीनिंगफुल फिल्मों की ओर मुड़े। अपने दिल की आवाज सुनने में आपको दस साल क्यों लगे?**

मुझे दस साल से भी ज्यादा समय लगा अपनी आवाज ढूंढने में। मैंने साल 2000 में दिल पर मत ले यार बनाई थी। मैं वहां पूरा लॉस्ट (गुम) था। आज मैं वो फिल्म देखता हूं तो खुद एक घुटन सी महसूस करता हूं कि मैं कितनी सारी चीजें कहने की कोशिश कर रहा था। स्क्रिप्ट में कितनी सारी चीजें थीं और मैं एक चौथाई भी नहीं कह पाया। अब जब वो फिल्म देखता हूं तो ये अहसास होता है लेकिन ऐसा होता है कई बार। आप गलतियां करते हैं और उससे सीखते हैं। मैं मानता हूं कि मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे इतनी सारे मौके मिले और इन मौकों की वजह से आगे काम कर पाया।

**आपने ये कब तय किया कि मुझे ऐसा काम नहीं करना है, मैं ऐसा सिनेमा बनाना चाहता हूं?**

मैं कभी ये नहीं कहता हूं कि मुझे ये नहीं करना है। आप किसी भी प्रड्यूसर से पूछिए मैं कभी मना नहीं करता हूं कि मुझे ये नहीं बनाना है। मैंने बेटे जय को भी एक ही चीज सिखाई है कि कभी किसी चीज को मना नहीं करना। मैं एहसान मानता हूं कि लोग आपके पास काम लेकर आते हैं। उन्हें ना करने के कुछ कारण होंगे कि मुझे स्क्रिप्ट मुझे समझ नहीं आ रही या मैं उसके लायक नहीं हूं पर काम बहुत बड़ा तोहफा है। उसके लिए हमेशा एहसानमंद होना चाहिए। मैं कंप्यूटर इंजीनियरिंग के बैकग्राउंड से हूं। मैं अपने सारे दोस्तों को देखता हूं तो वे सब बहुत अच्छे से सेटल हैं। ज्यादातर अमेरिका में हैं। उनके पास मेरे से कहीं ज्यादा पैसे हैं पर मैं उनसे कहीं ज्यादा खुश हूं। मैंने एक चॉइस बनाया है अपनी जिंदगी में, खुश रहने का। मैं नई पीढ़ी को यही कहता हूं कि आप जो भी करो, उसमें खुश रहो।

**आपके बेटे जय ने डेब्यू के लिए ओटीटी को क्यों चुना? आपने खुद स्कैम और स्कूप जैसी बेहतरीन सीरीज से ओटीटी को समृद्ध किया है...**

इस मीडियम का सिर्फ ऐक्टर ही नहीं, ओवरऑल टैलेंट को एक प्लैटफॉर्म देने में बहुत बड़ा हाथ है। नए सिनेमटोग्राफर्स, नए एडिटर्स, कैमरा के आगे भी, कैमरे के पीछे भी यहां टैलंट को उभरने का मौका मिलता है। दरअसल, सिनेमा इतना महंगा हो गया है कि उसको सीमित कर दिया गया है कि उसमें ये स्टार होगा, वो स्टार होगा। वहां सेफ काम करने की कोशिश होती है। उस सेफ्टी से बाहर जाने का मौका हमें ओटीटी देता है। यहां कम से कम अभी वो वीकेंड की कमाई वाला प्रेशर नहीं है कि कितनी ओपनिंग हुई। हम खुशकिस्मत हैं कि ओटीटी पर आंकड़े नहीं शेयर किए जाते। आप सोचिए गगन देव रियार जैसे उम्दा ऐक्टर को किसी ने नहीं देखा था। जबकि सोनचिड़िया में वो आया था, अच्छा करैक्टर भी मिला था लेकिन मशहूरी उसे स्कैम से मिली। अविनाश अरुण ने किला नाम की बेहतरीन मराठी फिल्म बनाई थी लेकिन वो कितने लोगों ने देखी, पाताल लोक की वजह से उसको और बढ़िया सीरीज बनाने का मौका मिला। ओटीटी के लिए उसने स्कूल ऑफ लाइज करके बेहतरीन शो बनाया है, तो इस तरह के लोगों को मौका मिल रहा है।

**सिमरन के अलावा आपकी बाकी फिल्में नायक प्रधान रही हैं। अब आप करीना कपूर के साथ द बकिंघम मर्डर्स लेकर आ रहे हैं। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने कहा कि आज हीरोइन सेंट्रिक फिल्म बनाना बहुत मुश्किल है। आपकी इस पर क्या राय है?**

मुझे बार-बार लोग सिमरन की ही याद दिलाते हैं (हंसते हैं)। यह एक जेनेरिक स्टेटमेंट है। सिमरन नहीं चली थी तो उसी ऐक्टर की तनु वेड्स मनु, क्वीन चली थी। मेरा मानना है कि फिल्म अच्छी या खराब होती है। हमें उन्हें बॉक्स में बांटना खुद ही बंद करना होगा कि ये मेल है, ये फीमेल है, ये थ्रिलर है, ये ड्रामा है। फिल्म बस फिल्म होती है। हम उन्हें बॉक्स में डाल डालकर खुद ही सीमित करते हैं। मैंने जब अलीगढ़ बनाई थी तो लोगों ने कहा कि गे ड्रामा है। अब ड्रामा तो ड्रामा होता है। उसके कौन से सेक्सुअल प्रेफरेंसेज होते हैं? अभी एक मलयालम फिल्म आई है, काथल - द कोर, वो भी कथित तौर पर एक ग्रे ड्रामा है, मगर उसने काफी कमाई की है तो मुझे लगता है कि हमें फिल्मों को बॉक्स में डालना बंद करना चाहिए। आपने द बकिंघम मर्डर्स की बात की है तो वह एक ऐसी फिल्म है जिसे लेकर मैं बहुत ज्यादा खुश हूं और करीना कपूर के साथ काम करके भी बहुत ज्यादा खुश हूं।

# साफ-सफाई को लेकर सड़कों पर उतरे प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साफ-सफाई को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम द्वारा जारी रोस्टर के तहत प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न सेक्टरों तथा गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एसपी सिंह, उप महाप्रबंधक सिविल विजय कुमार रावल, जन स्वास्थ्य विभाग के परियोजना अभियंता प्रथम तथा द्वितीय आरके शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक वर्क सर्किल-4, वर्क सर्किल-6, वर्क सर्किल-10, एवं जन स्वास्थ्य, सिविल, उद्यान एवं जल विभाग की टीमों के साथ नोएडा के सेक्टर तथा गांव का निरीक्षण किया। सबसे पहले टीम ने सोरखा गांव का निरीक्षण किया जहां पर आईजीएल द्वारा डाली गई गैस पाइपलाइन के बाद क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत करने का निर्देश दिए गए। डेरी फार्म संचालकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने और गांव में पानी की नियमित निकासी से संबंधित वर्क सर्कल को निर्देशित किया गया। साथ ही अट्टा एवं सेक्टर 27 का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नालियों की नियमित सफाई करने तथा नालियों की सफाई के दौरान निकले सिल्ट को तत्काल उठाने की निर्देश दिए गए।

चोटपुर एवं बहलोलपुर गांव में नालियों की नियमित सफाई करने तथा सेक्टर-7 स्थित महादेव अपार्टमेंट के समीप नालों को ढकने के निर्देश दिए गए। वहीं हाजीपुर गांव एवं सेक्टर-82 का निरीीक्षण किया गया।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हुए स्वीप कार्यक्रम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।




इसी श्रृंखला में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज छेदी सिंह इंटर कॉलेज आकलपुर म्याना एवं राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बिलासपुर गौतम बुद्ध नगर में पीटीएम आयोजित कराते हुए सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण कराई और उनको लोकतंत्र के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि वह मतदान के दिन अपने मताधिकार का बढ़-चढ़कर प्रयोग कर सकें। साथ ही बच्चों को भी शपथ दिलाई कि वह भी अपने-अपने अभिभावकों एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया नामांकन कक्ष का निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर कंट्रोल रूम, सी-विजिल, एमसीएमसी मॉनिटरिंग सेल एवं नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा न्यूज चैनल, सोशल मीडिया, सी-विजिल ऐप आदि की जा रही मॉनिटरिंग के संबंध में एमसीएमसी/कंट्रोल रूम कार्यालय की मॉनिटरिंग टीम से वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।




उन्होंने सी-विजिल ऐप पर आ रही शिकायतों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 100 मिनट के अंदर सी-विजिल ऐप पर आने वाली समस्याओं का निस्तारण मानकों के अनुरूप कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कंट्रोल रूम, एमसीएमसी मॉनिटरिंग सेल एवं सी-विजिल टीम को निर्देश दिए की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप टीम के सभी सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। सामान्य प्रेक्षक द्वारा नामांकन कक्ष संख्या-105 का भी निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अब तक हुए नामांकन के संबंध में सामान्य प्रेक्षक को विस्तार से अवगत कराया गया।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, अनुज नेहरा, लाइजन अधिकारी उत्सव शर्मा एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्धनगर लोकसभा चुनाव में कुल 34 प्रत्याशियों ने किये नामांकन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में कुल 34 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं।




नामांकन के अंतिम दिन 4 अप्रैल को कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जबकि इसके पूर्व 1-3 अप्रैल तक 18 प्रत्याशी नामांकन कर चुके थे।

अंतिम दिन 16 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया, जिसमें राजलोक पार्टी के श्यौराज सिंह, आजाद अधिकार सेना पार्टी के यतेंद्र सिंह, अखिल भारत हिंदू महासभा पार्टी के रणवीर चौधरी, भारतीय महासंघ पार्टी के प्रशांत भाटिया, संयोगवादी पार्टी के आनंद शर्मा, वीरों के वीर इंडियन पार्टी के भीम प्रकाश जिज्ञासु, भारतीय किसान पार्टी के गयादीन अहिरवार, राष्ट्रीय जनता पार्टी के श्यामसुंदर शर्मा तथा निर्दलीय प्रत्याशी बबली, संजय शर्मा, पराग कौशिक, गीता रानी शर्मा, नवीन चंद दुबे, सुनील गौतम, महेश कुमार सोनी एवं प्रमोद आत्री सम्मिलित हैं। अब तक कुल 34 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 05 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार व नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 08 अप्रैल 2024 दिन सोमवार निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार तथा 04 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना संपन्न होगी। 06 जून 2024 दिन बृहस्पतिवार से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

# चुनाव को लेकर वृहद अभियान चलाएगा भाजयुमो

## क्षेत्रीय महामंत्री ने किया चुनाव में ताकत झोंकने का आह्वान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक लोकसभा कार्यालय सेक्टर-58 में जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुज कश्यप लोकसभा प्रवासी रहे।




बैठक में अनुज कश्यप ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा को युवा सम्मेलन मंडल स्तर पर बाइक यात्रा एवं वन बूथ टेंन यूथ एवं चौराहा संपर्क, स्टीकर अभियान आदि चलाएगा। रामनिवास यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा की महत्ता को बताया और सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक मे अनुज प्रधान, तुषार गोयल, नरेंद्र जोगी, विपुल शर्मा, रितेश वर्मा, कालू पंडित, प्रवीण चौहान, ललित शर्मा, कपिल धारीवाल, राजवीर उपाध्याय, साधना शर्मा, सुमित शर्मा, रविन्द्र नागर, विक्रांत राणा, रवि बाल्मीकि, अन्नू प्रधान, सौरभ चौहान, धर्मेंद्र, रिंकू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जगह-जगह लगे भाजपा व प्रधानमंत्री के होर्डिंग्स!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चुनाव में आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जगह-जगह भाजपा व प्रधानमंत्री की गारंटी के होर्डिंग्स व बैनर लगे हैं। इसको लेकर विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं।




नोएडा अथॉरिटी ने बयान जारी करते हुए बताया कि शहर में कहीं पर भी राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग नहीं लगे हैं। राजनीतिक पार्टियों का कोई भी प्रचार नहीं किया जा रहा है। जिले में जहां पर भी मोदी की गारंटी के होर्डिंग लगे हुए हैं, वह सभी जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बाद ही लगाया गया है। इसी के साथ इसका व्यय को चुनावी खर्च में सम्मिलित किया जाएगा।

गौतमबुद्धनगर शहर में महामाया फ्लाईओवर, रजनीगंधा चौक और नोएडा एक्सप्रेस-वे पर काफी सारे स्थान पर मोदी की गारंटी के होर्डिंग लगे हुए हैं। इसको लेकर काफी लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड की है।

समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डा. आश्रय गुप्ता ने सोशल मीडिया (ट्विटर) पर जानकारी देते हुए कहा कि नोएडा में विभिन्न जगहों पर भाजपा द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन लगातार किया जा रहा है। कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इलेक्शन कमिशन से अनुरोध है कि तत्काल एक्शन लिया जाए।

# मोहियापुर में चला बाबा का बुल्डोजर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने चुनाव के दौरान अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 25 करोड़ रूपये की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया।

## 25 करोड़ की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया



वर्क सर्किल-9 के तहत सेक्टर-161 गांव मोहियापुर में खसरा नंबर 51 और 203 पर अवैध तरीके से निर्माण करा रहे थे। अथॉरिटी के संज्ञान में आने के बाद प्राधिकरण की वर्क सर्किल-9 की टीम की अगुआई में अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया है। ये जमीन मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित थी। इस दौरान प्राधिकरण ने करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करवाया है। इस जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह अभियान अथारिटी की तरफ से आगे भी जारी रहेगा। मालूम हो कि एसीईओ ने बुधवार को यहां का निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ.लोकेश एम. ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है।

# तीन चरणों में होगा प्रत्याशियों के व्यय का लेखा परीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोडल अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण) गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय लेखा, व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में प्रथम 12-04-2024, द्वितीय 18-04-2024 एवं तृतीय 24-04-2024 चरणों के अनुसार पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 5 बजे तक निरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रत्याशी है उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि/समय पर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय गौतमबुद्धनगर में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छाया प्रतियां




# यूनिवर्सिटी की छात्रा के नाम पर बड़ी ठगी की साजिश, आप भी सावधान रहें !

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में स्थित एक प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी की छात्रा के नाम पर बड़ी ठगी करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में इस प्रकार की अनेकों ठगी हो चुकी हैं। नोएडा का यह परिवार तो ठगी से किसी प्रकार बच गया है, किन्तु सभी को इस प्रकार की ठगी करने वाले ठगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।



नोएडा के किनारे पर बसे हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले कृष्ण कुमार यादव ने नोएडा पुलिस के साइबर सेल से एक शिकायत की है। श्री यादव ने नोएडा पुलिस को बताया है कि बृहस्पतिवार 4 अप्रैल को सुबह 9.57 पर मेरे मोबाइल नंबर पर व्हाटसअप कॉल मोबाइल नंबर + 923486303090 की गई। जिसमें कहा गया कि आपकी बेटी एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में शिक्षा ग्रहण कर रही है जो मेरी गिरफ्त में है। वह किसी अपराधिक कार्य में संलिप्त पाई गई है। फोन करने वाले ने अपना नाम रामकृष्ण पुलिस अधीक्षक बताया। श्री यादव ने नोएडा पुलिस को बताया कि पेटीएम द्वारा पैसों की मांग की गई। कहा गया कि यदि आप अपनी बेटी को सुरक्षित चाहते हैं तो आकर संपर्क करें। नोएडा पुलिस को दी गई शिकायत में आगे बताया गया कि फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारी बेटी ने 40 लाख रू0 का जीएसटी फ्राड किया है तुरंत पैसे दो नहीं तो बेटी से हाथ धो बैठोगे। श्री यादव ने नोएडा पुलिस को यह भी बताया कि उनकी बात मेरी बेटी बनकर एक लड़की से कराई गई। आवाज सुनकर उन्हें शक हो गया। तुरन्त फोन काटकर उन्होंने अपनी बेटी को फोन किया। उनकी बेटी यूनिवर्सिटी में बिलकुल ठीकठाक थी। इस प्रकार वह ठगी का शिकार होने से बच गए।

नोएडा पुलिस नागरिकों से बार-बार अपील कर रही है। नोएडा पुलिस का साफ कहना है कि नोएडा समेत पूरे एनसीआर में बड़ी संख्या में ठग सक्रिय हैं। ठगी की हर प्रकार की आशंका के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बेटा, बेटी, भाई-बहन पति तथा पत्नी को खतरे में बताकर कॉल करके ठगी करने की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं।